

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 6 मई 2026

संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 5 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 231, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ देश के श्रम परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका

मनीषा रानी से शादी करना चाहता है ये एक्टर ◀◀ 6




# लातेहार में जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार, एके-47 समेत कई हथियार बरामद



**संवाददाता**

**लातेहार:** जिले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार के महादेव सिंह और पलामू के पांकी के मनोज लोहरा शामिल हैं। पुलिस ने इन दोनों नक्सलियों को मनिका थाना क्षेत्र के कुरूमखेता जंगल से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक एके-47 राइफल, 2 एसएलआर राइफल समेत भारी संख्या में गोलियां भी बरामद हुई हैं।

**सूचना के आधार पर शुरू हुई छापेमारी :** दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुमखेता जंगल के आसपास प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के कुछ नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। सूचना मिलने के बाद एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर मनिका थाना प्रभारी प्रभात दास और थाना प्रभारी यकीन अंसारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

इसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार नक्सलियों ने बताया कि वे लोग नक्सली संगठन जेजेएमपी के नक्सली हैं। बाद में तलाशी के दौरान उनके पास से एक एके-47 राइफल, दो एसएलआर राइफल, 318 गोलियां समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए।

**लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे नक्सली :** इधर, इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लेवी और रंगदारी की वसूली को लेकर नक्सली किसी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद या हिंसा के रास्ते पर चलने वाले लोगों के पास अब एक ही रास्ता बचा हुआ है कि वह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और समाज की मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन शुरू करें। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकारी प्रावधान के तहत सभी प्रकार की सुविधा दी जा रही है। लेकिन जो लोग नक्सलवाद का रास्ता अभी भी नहीं छोड़ेंगे, उन्हें गंभीर परिणाम भुगतना होगा।

**समाप्त हो गए वर्चस्व को स्थापित करने का था प्रयास :** बता दें कि कुछ वर्ष पहले तक लातेहार तथा आसपास के जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में जेजेएमपी का वर्चस्व हुआ करता था। लेकिन पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के कारण नक्सलियों का दबदबा कुछ साल से धीरे-धीरे खत्म हो गया। जेजेएमपी के सुप्रीमो के मारे जाने के बाद संगठन के लगभग सभी बड़े नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिए थे। जिस कारण जेजेएमपी नक्सली संगठन लातेहार जिले में लगभग समाप्त हो गया। इधर, लेवी और रंगदारी की चाह को लेकर नक्सली संगठन से जुड़े कुछ लोग फिर से जेजेएमपी नक्सली संगठन के वर्चस्व को स्थापित करने का प्रयास शुरू किए थे।

# रांची रिंग रोड में बड़ा सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से कार पलटी, दो गंभीर

**संवाददाता**

**रांची :** रांची रिंग रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क पर पलट गई और उसमें सवार परिवार के लोग घायल हो गए। हादसे में कार में सवार परिवार के कई सदस्य घायल हो गए हैं। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

टक्कर के बाद मची अफरा-तफरी

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल भेजने में मदद की। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रक और कार दोनों को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण ऐसे हादसे होते रहते हैं। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## नशे में धुत बेटे ने की पिता की हत्या, पुलिस ने दबोचा



**जामताड़ा :** जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के रामपुर माधोपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना हो गई। यहां एक बेटे ने शराब के नशे में अपने ही पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी बेटा शराब पीकर घर आया था। घर में किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच पहले कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे बड़े झगड़े में बदल गई। माहौल इतना गरम हो गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई।

**गुस्से में उठा खौफनाक कदम :** इसी दौरान गुस्से और नशे में धुत बेटे ने धारदार हथियार से अपने ही पिता पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई और पूरा गांव सदमे में आ गया।

**पुलिस ने आरोपी को पकड़ा :** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार ही नहीं, पूरा गांव शोक में डूब गया है। लोग इस बात पर हैरान हैं कि नशे की हालत में एक बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली।

## मालगाड़ी के ऊपर चढ़ा युवक हाईटेंशन तार की चपेट में आया, हालत गंभीर

**जमशेदुपर :** जमशेदपुर स्थित टाटानगर रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्लेटफार्म नंबर तीन के पास खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ा एक युवक हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक किसी वजह से मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आते ही वह तेज करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया।

हादसे के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए युवक को नीचे उतारा और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस युवक की पहचान और यह हादसा कैसे हुआ, इसकी विस्तृत जांच कर रही है। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। रेलवे प्रशासन भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## टेंडर कमीशन घोटाला मामला: नीरज मित्तल की याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची :** टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मामले में आरोपी नीरज मित्तल की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, यानी अब आदेश बाद में सुनाया जाएगा। यह मामला कथित टेंडर कमीशन और अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें जांच एजेंसियों की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसी मामले में नीरज मित्तल ने अदालत में याचिका दाखिल कर राहत की मांग की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उनके खिलाफ कार्रवाई गलत है और मामले में पर्याप्त सबूत नहीं हैं। वहीं दूसरी तरफ, सरकारी पक्ष ने दलील दी कि जांच अभी जारी है और मामला गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने तुरंत कोई निर्णय नहीं दिया और मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया है। अब अदालत अपने फैसले में तय करेगी कि याचिका स्वीकार की जाएगी या खारिज। तब तक दोनों पक्षों की नजर कोर्ट के आदेश पर टिकी रहेगी।

### तमिलनाडु में कांग्रेस ने टीवीके को दिया पूर्ण समर्थन

# 'सांप्रदायिक ताकतों को बाहर रखने' की शर्त



**चेन्नई :** तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस ने अभिनेता से राजनेता विजय की पार्टी टीवीके को सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह फैसला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी की बैठक के बाद लिया गया। तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस ने अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टीवीके को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह फैसला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी की बैठक के बाद लिया गया। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि टीवीके अध्यक्ष विजय ने कांग्रेस से औपचारिक रूप से समर्थन मांगा था। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता, खासकर युवाओं ने एक स्पष्ट और मजबूत जनादेश दिया है, जो एक धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील और जनकल्याणकारी सरकार के पक्ष में है। कांग्रेस ने इस जनादेश का सम्मान करते हुए टीवीके को 'पूर्ण समर्थन' देने का निर्णय लिया है।

हालांकि, पार्टी ने यह भी साफ किया है कि यह समर्थन एक शर्त के साथ होगा। कांग्रेस ने कहा कि इस गठबंधन में ऐसी किसी भी 'सांप्रदायिक ताकत' को शामिल नहीं किया जाना चाहिए, जो भारत के संविधान में विश्वास नहीं रखती हो।

प्रेस रिलीज में यह भी कहा गया कि टीवीके और कांग्रेस का यह गठबंधन केवल सरकार गठन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य में स्थानीय निकाय चुनाव, लोकसभा और राज्यसभा चुनावों में भी साथ मिलकर काम करेगा। दोनों पार्टियां पेरुंथलाइवर कामराज, पेरियार और डॉ बीआर अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगी।

इस बीच, कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर राजेश कुमार को तमिलनाडु में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नेता चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सिद्धांतों से समझौता आम हो गया है, राजेश कुमार की निष्ठा और ईमानदारी एक मिसाल है। जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि इस गठबंधन को तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, राहुल गांधी और विजय ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया है कि वे जनता के इस ऐतिहासिक जनादेश का सम्मान करेंगे और राज्य के लोगों, खासकर युवाओं के सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे।

### बंगाल में नई सरकार की संवैधानिक प्रक्रिया शुरू

# आयोग ने राज्यपाल को सौंपी 293 विजयी उम्मीदवारों की सूची



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कोलकाता स्थित लोक भवन में राज्यपाल से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद नई विधानसभा के गठन और आगे की संवैधानिक प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इसी अधिसूचना के आधार पर नई विधानसभा का गठन किया जाता है और पुरानी विधानसभा का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाता है। इसके बाद राज्यपाल के कार्यालय द्वारा आवश्यक औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जाती हैं, जिसमें शपथ ग्रहण समारोह शामिल होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की भूमिका केवल चुनाव कराना और परिणाम घोषित करने तक सीमित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के इस्तीफे या सरकार गठन से आयोग का कोई सीधा संबंध नहीं है। उनके अनुसार, ह्लएक वैधानिक अधिसूचना चुनाव आयोग द्वारा जारी की जाती है, जिसे राज्यपाल को सौंपा जाता है। इसमें यह बताया जाता है कि कौन उम्मीदवार किस सीट से विजयी हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि राज्य में फाल्टा सीट पर दोबारा मतदान कराया जाएगा, जिसके लिए 21 मई की तारीख तय की गई है। इसके अलावा बाकी 293 विजयी उम्मीदवारों की सूची राज्यपाल को सौंप दी गई है, ताकि नई विधानसभा के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे से इनकार किए जाने के सवाल पर मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक और राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें चुनाव आयोग की कोई भूमिका नहीं होती। उन्होंने कहा, ह्लयह मुख्यमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति के बीच का मामला है। आयोग इस पर कोई टिप्पणी नहीं करता।ह्व

वहीं, लोकभवन में हुई इस मुलाकात के बाद राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर प्रक्रियाएं तेज हो गई हैं। प्रशासनिक स्तर पर माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में शपथ ग्रहण और नई विधानसभा के गठन की औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। राज्य में राजनीतिक दलों के बीच भी आगे की रणनीति को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है।

### लाम के साथ साझा प्रेस वार्ता में बोले पीएम मोदी

# वियतनाम के साथ भारत ठोस परिणामों की ओर अग्रसर



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की मौजूदगी में हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए। महत्वपूर्ण ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने इन समझौतों की अहमियत बताई। पीएम मोदी ने तो लाम का स्वागत करते हुए कहा, ₹राष्ट्रपति टो लैम का भारत में स्वागत है। वियतनाम के राष्ट्रपति बनने के बाद इनका उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और बिजनेस लीडर्स के साथ आना ये दशार्ता है कि वो हमें कितनी प्राथमिकता देते हैं। बोधगया से दोनों देशों के साझा संबंधों पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा, इन्होंने भारत की यात्रा की शुरूआत बोधगया से की थी। यह हमारे दोनों देशों की आध्यात्मिक परंपराओं को दशार्ता है। हम अपने संबंधों को ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत और विकास का महत्व है। पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए तो उनके दर्शन 1.5 करोड़ से अधिक लोगों ने किए थे, जो वियतनाम की कुल जनसंख्या का 15 फीसदी है।

उन्होंने आगे कहा, हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए, हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं। अब हम चम्पा सभ्यता की पांडुलिपियों को भी डिजिटिलाइज करेंगे, और इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करेंगे।₹

प्रधानमंत्री मोदी ने मजबूत होते ट्रेड संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर तक पहुंचेगा। भारत और वियतनाम का द्विपक्षीय व्यापार पिछले 1 दशक में दोगुना होकर 16 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 25 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।बहुत जल्द वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद लेगा। हमें बहुत खुशी है कि दोनों देशों के बीच एयर कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। दोनों देशों के बीच कई अहम क्षेत्रों में बनी सहमति को लेकर पीएम मोदी ने कहा, ₹हमारी ड्रग अथॉरिटिज के बीच एमओयू से अब भारत की दवाइयों का वियतनाम में एक्सेस बढ़ेगा। भारत के कृषि, मत्स्य और पशु उत्पाद का भी, वियतनाम तक निर्यात और सुगम होने जा रहा है।

एक्ट ईस्ट पॉलिसी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा,₹ वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और विजन महासागर का एक मुख्य स्तंभ है।इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भी हमारी समझ एक सी है। हम अपनी सुदृढ़ होती हुई रक्षा और सुरक्षा सहयोग से, कानून के राज, शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति योगदान देते रहेंगे। वियतनाम के सहयोग से भारत, आसियान के साथ अपने संबंधों को भी और व्यापक बनाएगा।

## असम में 11 मई के बाद बनेगी नई सरकार : हिमंता बिस्वा सरमा

**दिसपुर ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि राज्य में नई भाजपा-नीत सरकार का गठन और शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद होगा, जब संवैधानिक और संगठनात्मक औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के नतीजों की औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके बाद उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंप दिया। सीएम सरमा ने कहा, चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर नतीजों की घोषणा कर दी है।



## सिमडेगा पुलिस की गाड़ी सिल्ली में अनियंत्रित होकर पेड़ टकराई

**सिल्ली :** बीती रात के करीब साढ़े 9 बजे रांची पुरुलिया सड़क मार्ग पर सारजमडीह बांका पुल के समीप सिमडेगा पुलिस की गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराया। गणिमत रही की गाड़ी पेड़ में अटक गया वर्ना सारजमडीह नदी में घुस जाता। मिली प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस दुर्घटना में चालक को छाती में चोट लगी है इम्पैक्ट सेंसर झटके को महसूस करते हैं ही इन्फ्लेशन मॉड्यूल बैग को फुल जाने से चालक की जान बच गईं। चालक को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाच के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है। बताया जाता है सिमडेगा पुलिस सिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए बंता के शुभम गुप्ता नामक युवक को ले जाने के लिए आ रही थी। युवक के विरुद्ध सिमडेगा थाना में एक युवती ने फेसबुक में दोस्ती के बाद कोर्ट मैरिज होने के उपरांत छोड़ देने का मामला दर्ज की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**हजारीबाग :** कोर्रा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित कर 2026 मैट्रिक परीक्षा में शीर्ष पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संरक्षक डॉ विजय कुमार सिन्हा, अध्यक्ष डॉ ब्रजकुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह व प्रधानाचार्य अरुण कुमार बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सीमांत कुमार ने 96।4% अंक लाकर प्रथम, नीतू कुमारी ने 87।2% से द्वितीय तथा ऋषि कुमार, श्वेता कुमारी व कोमल कुमारी ने क्रमशः तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त किया। वक्ताओं ने इसे सामूहिक परिश्रम का परिणाम बताते हुए छात्रों को निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन अल्पना सिन्हा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मंडा पूजा धूम-धाम से मनाने को लेकर बैठक

**बड़कागांव :** प्रखंड के पंचायत चंदौल अंतर्गत ग्राम पुंदौल में मंडा पूजा धूम-धाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर पासवान ने की, जबकि संचालन विनोद यादव ने किया।ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी मंडा पूजा धूम-धाम से मनाई जाएगी। इसके लिए सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष दिनेश्वर पासवान, सचिव सनित कुमार महतो एवं कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह बनाए गए। बताया गया कि इस बार पूजा सात दिनों तक आयोजित होगी। कार्यकारिणी सदस्यों में विनोद यादव, सागर यादव, सुरेश चौधरी, कुलेश्वर यादव, विक्की सिंह, जगरनाथ यादव, विकास पांडेय, रंजन पांडेय, महेंद्र यादव, बोधन यादव, विनोद पासवान, टिंकू भुइया, अजय रजवार, काशी रजवार, नरेश रजवार, अजय भुइया, महेश भुइया, सोहन महतो, प्रवीण साव, दशरथ महतो, महेश महतो, अशोक महतो, पिंटू यादव, बुलेश्वर पासवान, धिरंजन रजवार, राहुल रजवार, अरुण रजवार, गणेश महतो सहित कई लोग शामिल रहे।

## चतरा के कमात गांव में 8 मई से शुरू होगा सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ



**चतरा :** सदर प्रखंड के कमात गांव में आगामी 8 मई से सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। गांव के साथ-साथ आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और यज्ञशाला को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सूर्यकांत कमल ने बताया कि 8 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं कन्याएं कलश लेकर गांव का भ्रमण करेंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। 9 मई से मंडप पूजन, वेदी निर्माण, अग्नि प्रज्वलन एवं अन्य वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ प्रारंभ किए जाएंगे। 10 मई से 13 मई तक प्रतिदिन हवन, पूजन, रुद्राभिषेक, धार्मिक प्रवचन एवं विभिन्न अधिवास कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया जाएगा, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनमें पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश एवं सुरक्षा के इंतजाम शामिल हैं। महायज्ञ का समापन 14 मई को होगा। इस दिन बनारस से पधारे विद्वान आचार्यों एवं स्थानीय पुजारी दुलार पांडेय के सानिध्य में शिवलिंग एवं शिव परिवार की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके उपरांत यज्ञ की पूणार्हुति दी जाएगी तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए एक सशक्त समिति का गठन किया गया है। समिति में सत्येंद्र कुमार सिंह को अध्यक्ष, पारसनाथ सिंह को सचिव एवं ओम प्रकाश सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कई कार्यकताओं को अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं, जो पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

# चतरा में दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले में दो अलग-अलग दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना हंटरगंज प्रखंड के वशिष्टनगर थाना क्षेत्र के मुरेनवा में मंगलवार की देर रात शादी समारोह से लौट रहे युवक की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार(25 वर्ष) के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब विकास कुमार शादी समारोह से वापस लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज गति से आ रही ट्रक ने कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चतरा-डोभी मुख्यमार्ग को जाम कर दिया।सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, वशिष्टनगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह व सीओ रितिक कुमार मुरेनवा पहुंचे और गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सलैया पंचायत के मुखिया मनोज पासवान ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनास्थल पर जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं टंडवा थाना क्षेत्र में आज तड़के 5:30 बजे अज्ञात कोल वाहन के चपेट में आने से दो स्कूटी सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। एक मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के पदमा गांव के जय कुमार (28 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं अज्ञात कोल वाहन से मौत के घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क को जाम कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर खलारी में मना भव्य जश्न

# जुलूस और आतिशबाजी से गूंजा क्षेत्र



**संवाददाता**

**खलारी :** भारतीय जनता पार्टी के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल मे ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। खलारी के कार्यकताओं का जश्न मंगलवार को केडी हिन्दुगढ़ी चैक पर जुटने लगे और देखते ही देखते पूरा चैक भगवा रंग में रंग गया। कार्यकताओं के हाथों में पार्टी के छोटे-बड़े झंडे लहरा रहे थे तथा जिंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके बाद तासा-बाजे की थाप पर जुलूस निकाला गया, जो हिन्दुगढ़ी चैक से होते हुए शहीद चैक तक पहुंचा। जुलूस के दौरान कार्यकताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। इस दौरान सड़कों पर पटाखों की गूंज लगातार सुनाई देती रही,थी वहीं श्रीजानकीरमन मंदिर, खलारी के समीप भी कार्यकताओं ने जोरदार आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस जश्न में अरविंद सिंह, शत्रुंजय सिंह, शैलेंद्र शर्मा, दिनेश गुप्ता, आनंद सिंह, कार्तिक पांडेय, सुशील अग्रवाल, विकास दुबे, चतुर्गुण भुइयां, रामसूरत यादव, श्यामसुंदर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप प्रामाणिक, भरत प्रजापति, राजेंद्र चैहान, पंकज मिश्रा, राकेश सिंह छोटू, उदयभान सिंह, शुभम सिंह डंपू, मयंक सिंह, विनोद विश्वकर्मा, दीपक वर्मा, अमित लोहरा, छोटू सिंह, बिट्टू, दीपक, नवीन ठाकुर, ललित साव, नरेश यादव, लालेश्वर यादव, प्रदीप सिंह, शिव चैधरी, जीतेंद्र कुमार भारतीय, फुल्तून, पुतुल झा, मनीष चैहान, सुधीर चैहान, बूटन चैहान, देवुका शर्मा, प्रवीण राठौर, लालबाबू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा

# तेज हुई कार्रवाई, उपायुक्त की निगरानी में जमीनी स्तर पर मिल रहा समाधान

**संवाददाता**



**चतरा :** जिले में 24 अप्रैल से 11 मई 2026 तक ह्लपेयजल समस्या निवारण पखवाड़ाह्व का संचालन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत रोस्टर के अनुसार विभिन्न पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर पेयजल से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद के नेतृत्व एवं सतत निगरानी में अभियान को गति मिली है। उनके द्वारा संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करते हुए खराब चापाकलों, जलमीनारों एवं अन्य पेयजल स्रोतों की मरम्मत एवं पुनर्संचालन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि आमजनों को शीघ्र राहत मिल सके।अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता वाले विकास योजनाओं का चयन भी किया जा रहा है। इससे पेयजल समस्या के समाधान के साथ-साथ पंचायतों के समग्र विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है।उपायुक्त द्वारा अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उनके निदेर्शानुसार प्रत्येक शिकायत का समाधान समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा भी क्षेत्रीय भ्रमण कर स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे कार्यों में तेजी एवं जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो रही है।इसी क्रम में दिनांक 05 मई 2026 को जिले के विभिन्न पंचायतों–हंटरगंज के जबड़ा/सलैया, प्रतापपुर के घोरीघाट/डुमरवार, सिमरिया के बानासाड़ी, मयूरहंड के पंदनी, कान्हाचट्टी के चिरीदीरी तथा टंडवा के बड़गांव/कल्याणपुर पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं नगर परिषद, चतरा अंतर्गत वार्ड संख्या 17 एवं 18 (साहु धर्मशाला) में भी शिविर लगाकर आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।ज्ञातव्य है कि दिनांक 06 मई 2026 को भी हंटरगंज के कोबना/तरवागड़ा, मयूरहंड के बेलखोरी, कान्हाचट्टी के मदगड़ा तथा टंडवा के बहेरा पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 19 एवं 20 (जमजम होटल परिसर) में भी शिविर लगाकर पेयजल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया जारी रहेगी।जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि इस अभियान के माध्यम से जिले के प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड में पेयजल समस्याओं का प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आमजनों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र के घाघरा में चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं। यह जानकारी एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने मंगलवार को दारू थाना में प्रेस कांफ्रेस कर दी। उन्होंने ने बताया कि बीती तीन मई की रात को घाघरा निवासी श्यामलाल के घर को निशाना बनाया गया था। चोरों ने घर के भीतर प्रवेश कर सोने-चांदी के गहनों के साथ-साथ चावल के ड्रम में छिपाकर रखे गए पैसों पर हाथ साफ कर दिया था।

इतना ही नहीं, शातिर चोर ने घर के बाहर खड़े टेंपो की बैटरी भी खोल ली थी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा दारू थाना में कांड संख्या-33/26 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़, बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम घाघरा निवासी दिव्यांशु कुमार, पिता मुरली प्रसाद मेहता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने का कर्णफूल, एक जोड़ी चांदी की पहुंची (कंगन), सोने जैसी धातु का मंगलसूत्र और 5000 रुपये नकद बरामद किए। इसके साथ ही टेंपो से चोरी की गई लाल रंग की एक्साइड इको बैटरी भी बरामद कर ली गई है। इस सफल छापेमारी टीम में मुख्य रूप से दारू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, अवर निरीक्षक मदन मुण्डा, मिथुन मुर्मू, आरक्षी बालेश्वर यादव, विजय कुमार, अजय रजवार, चालक सकील अंसारी शामिल थे।

# देवघर पहुंचे भूपेंद्र यादव और सांसद निशिकांत दुबे, की पूजा अर्चना



**देवघर:**बंगाल फतह करने के बाद बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र यादव और सांसद निशिकांत दुबे सोमवार को देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचने के बाद दोनों नेताओं ने मीडिया से बात करने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने बातों ही बातों में कहा कि अभी जीत का जश्न मना रहे हैं। बंगाल में सरकार बनाने के बाद मीडिया से मुखातिब होंगे।

**बैद्यनाथ मंदिर पहुंचकर की पूजा :** देवघर पहुंचने पर सांसद निशिकांत दुबे भाजपा नेता भूपेंद्र यादव को अपने आवास ले गए। भूपेंद्र यादव सांसद निशिकांत दुबे के आवास पर विश्राम करने के बाद सीधा देवघर के बाबा मंदिर पहुंचे और भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।इस दौरान बैद्यनाथ मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।इस दौरान थोड़ी देर के लिए सुरक्षा के मद्देनजर आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश करने से रोक दिया गया था।

पूजा करने के बाद दोनों नेताओं से मीडिया ने बात करने की कोशिश की, लेकिन दोनों नेता मीडिया से बचते नजर आए, लेकिन ऑफ कैमरा दोनों नेताओं ने कहा कि यह भाजपा की जीत नहीं है, बल्कि बंगाल की जनता की जीत है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव और सांसद निशिकांत दुबे ने ऑफ कैमरा कहा कि बंगाल फतह करने के बाद अब झारखंड की भी दिशा दशा में परिवर्तन देखने को मिलेगा।झारखंड में बंगाल से सटे क्षेत्रों में घुसपैठियों पर नकेल कसा जाएगा। पहले झारखंड सरकार के साथ-साथ बंगाल सरकार भी घुसपैठियों को बढ़ावा देती थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठ पर रोक लगाया जाएगा। जिससे झारखंड में भी बढ़ रहे घुसपैठिए नियंत्रित हो सकेंगे। सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि साहिबगंज, पाकुड़ जैसे क्षेत्रों में अब बॉर्डर पर कड़ाई की जाएगी और बंगाल में सरकार बनने के बाद झारखंड में भी बदलाव देखने को मिलेगा। निशिकांत दुबे के इस बयान को कई मायने निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चा हो रही है।

हालांकि इन सभी चचाओं पर तब तक विराम लगा रहेगा, जब तक बंगाल में नई सरकार का गठन ना हो जाए। वहीं भाजपा नेता भूपेंद्र यादव और निशिकांत दुबे ने बताया कि संभवतः आगामी सात मई तक बंगाल में मंत्रालय और मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल जाएगी। उसके बाद आगे की राजनीति और रणनीति पर विचार किया जाएगा।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**चतरा :** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा पंचायत स्थित आतमपुर गांव निवासी रविंद्र प्रसाद के घर पुलिस ने इश्तहार चिपकाया है।उक्त विषय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि रविन्द्र प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार के द्वारा गांव की ही एक पन्द्रह वर्षीय नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। घटना के बाद पीड़िता के पिता ने लावालौंग थाना में मामला दर्ज कराया था।जिसमें उसने जानकारी दिया था कि मेरी पुत्री बिते 20 नवंबर को जब स्कूल जा रही थी तब रौशन ने उसे अपनी कार में जबरन बैठा लिया। फिर उसे अम्बाटाड़ के जंगल में ले गया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया।दुष्कर्म के बाद युवक ने अपने ही कार में बैठाकर पीड़िता को आतमपुर स्थित शिव मंदिर के पास लाकर छोड़ दिया।जिसके बाद ?पीड़िता ने घर आकर अपनी आपबीती अपनी मां को बताई।चूंकि पीड़िता के पिता उस समय मुंबई में काम कर रहे थे और मां-बेटी सदमे व डर के कारण तुरंत पुलिस के पास नहीं जा सकीं।?25 नवंबर को जब पीड़िता के पिता मुंबई से लौटे,तब उन्होंने लावालौंग थाना पहुंचकर रौशन कुमार के खिलाफ दुष्कर्म और अपहरण का मामला दर्ज कराया।?लावालौंग थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के इस गंभीर मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से ही रौशन की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है परंतु वह फरार चल रहा है।इस बावत हमने इश्तहार चिपकाकर उसे सरेंडर करने का सख्त निर्देश दिया है। उक्त इश्तहार एएसआई सुधीर कुमार के नेतृत्व में चिपकाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि रौशन की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रशासन सक्रिय

# निरीक्षण प्रतिवेदनों के आधार पर की जा रही सतत समीक्षा



**चतरा :** जिले में आमजनों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल दिनांक 04 मई 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक के क्रम में प्रारंभ की गई है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।इसी क्रम में पत्थलगड्डा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार केंद्र में सोलर सिस्टम की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता एवं परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई है। साथ ही उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही हैं।निरीक्षण के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कुछ बिंदुओं पर सुधारात्मक पहल की आवश्यकता चिन्हित की गई है।उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आमजनों को उपलब्ध कराई।



## एबीडी की इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान

**रांची:** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) की रंगापुर स्थित एकीकृत उत्पादन इकाई को ह्लबेस्ट फैक्ट्री/मैनेजमेंट अवॉर्डह्व से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान श्रम दिवस के अवसर पर तेलंगाना सरकार के श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं फैक्ट्री विभाग द्वारा दिया गया। कंपनी के अनुसार इस इकाई में डिस्टिलरी, बॉटलिंग यूनिट और पीईटी बोतल निर्माण संयंत्र संचालित हो रहे हैं, जबकि आगे माल्ट डिस्टिलरी शुरू करने की तैयारी भी चल रही है। करीब 1,500 कर्मचारियों वाली इस इकाई में महिलाओं की भागीदारी लगभग 50 प्रतिशत है। कंपनी का कहना है कि बेहतर प्रबंधन, कर्मचारी कल्याण और रोजगार सृजन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर यह सम्मान मिला है।

## जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : शाहिद अय्यूबी



**रांची:** देश और समाज की प्रगति तथा सही प्रतिनिधित्व के लिए जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह केवल एक सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारे अधिकारों और हमारे भविष्य को निर्धारित करने वाला एक मूल आधार है। दुर्भाग्यवश, अक्सर लोग इस प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं लेते, जिसके परिणामस्वरूप कई वर्ग अपनी वास्तविक संख्या और जरूरतों के अनुसार सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।

झारखंड मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने जनता से जोशीली अपील करते हुए कहा है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझे और जनगणना की प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही जानकारी देना न केवल कानूनी आवश्यकता है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय और सामुदायिक कर्तव्य भी है। उन्होंने आगे कहा कि जनगणना के माध्यम से ही सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की योजना बनाने में मदद मिलती है। यदि हम स्वयं ही अपनी जानकारी सही प्रदान नहीं करेंगे, तो अपने अधिकारों के लिए मजबूत आधार कैसे तैयार कर पाएंगे? उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि वे जनगणना के कर्मचारियों के साथ सहयोग करें, सही जानकारी दें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

आइए! अपनी जिम्मेदारी निभाएं और जनगणना में सक्रिय भाग लेकर एक मजबूत और समृद्ध समाज की नींव रखें।

## 60% या अधिक अंक लाने वाले छात्रों का होगा सम्मान, रजिस्ट्रेशन शुरू



**रांची :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उम्मीद स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट एवं झारखण्ड अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन द्वारा इस वर्ष भी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

संगठन के पदाधिकारी अनवर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं इस सम्मान समारोह में भाग लेने के पात्र होंगे। इस हेतु रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं संगठन के कार्यालय अंजुमन प्लाजा मेन रोड में जाकर जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही, कार्यालय में छात्रों को छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने भविष्य की पढ़ाई को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकें। संगठन ने सभी योग्य विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के इस नंबरः 8340144403 पर सम्पर्क करे।

## समर्पण शाखा ने छाछ का किया वितरण

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा ह्लप्यार बांटते चलोह्व स्लोगन के अंतर्गत ह्ल15 दिन 15 जन सेवाह्व अभियान का चौथा दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दुर्गा मंदिर, बकरी बाजार में बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के बीच ठंडी छाछ का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का आयोजन शाखा सदस्य कोमल पोद्दार द्वारा किया गया। यह सेवा लोगों के लिए अत्यंत राहतदायक सिद्ध हुई। उपस्थित जनों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए मंच के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार, डॉली बंसल, शायरी अग्रवाल, वर्षा धानुका, वीणा शर्मा, निशु सर्राफ सहित शाखा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

## रांची में दस मई को जेपीएससी परीक्षा के लिए निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। डीसी के निर्देश पर दस मई की सुबह सात से रात आठ बजे तक जिले के 15 परीक्षा केंद्रों के दो सौ मीटर दायरे में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लेकर चलने और किसी भी प्रकार की सभा या बैठक आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की है। प्रमुख परीक्षा केंद्र इस प्रकार हैंः डोरंडा कॉलेज (डोरंडा), सेंट कुलदीप हाई स्कूल (हरमू), अनिता गर्ल्स स्कूल (कांके), निर्मला कॉलेज (डोरंडा), श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कमड़े), आरटीसी हाई स्कूल (बूटी), डीएवी नंदराज मॉडर्न स्कूल (लालपुर), छोटानागपुर राज प्लस टू हाई स्कूल (रातू), फिरायलाल पब्लिक स्कूल (मेन रोड), बर्लिन पब्लिक स्कूल (कांके रोड), मारवाड़ी प्लस टू हाई स्कूल (अपर बाजार), बेथेसदा वूमेन इंटर कॉलेज (जीईएल चर्च परिसर), सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (मेसरा), प्रेमचंद हाई स्कूल (मेसरा) और बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (गेतलातू)।

## हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड पाठ, भक्ति से गूंजा माहौल

**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 202वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर ह्लराम सिया राम, जय जय रामह्व के मधुर गायन और बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरूआत मंडल के सदस्य अरुण खुटेटा द्वारा वरिष्ठ सदस्य प्रभुदयाल नारसरिया एवं निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कराकर की गई।

### उपायुक्त ने बेड़ो प्रखंड का किया औचक दौरा

# गर्मी में कोई भी नागरिक पानी, बिजली या स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में परेशान न हो : भजन्त्री



**संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को बेड़ो प्रखंड का औचक दौरा कर प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बेड़ो थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो एवं विभिन्न गांवों की निरीक्षण किया

दौरे के दौरान उपायुक्त ने सबसे पहले प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं कार्यालय में सभी कर्मियों की उपस्थिति पंजी एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आए आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनते हुए उसके समाधान का निर्देश दिया।

इसके बाद उपायुक्त ने बेड़ो थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए कि थाना में आ रही फरियादियों की समस्या को गंभीरता से सुने व कार्रवाई सुनिश्चित करें। सड़क मार्ग की स्थिति तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए खास करके विधि- व्यवस्था से संबंधित मामलों में तत्परता दिखाने का निर्देश दिया। साथ आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनने के निर्देश भी दिए गए।

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा इमरजेंसी सेवाओं को 247 सक्रिय रखने के सख्त निर्देश दिए गए इसके उपरांत उपायुक्त ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिए कि हीटवेव एवं लू से प्रभावित मरीजों के लिए ओ.आर.एस., आवश्यक दवाइयां, पेयजल तथा बेड की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों एवं इमरजेंसी सेवाओं को 247 सक्रिय रखने का निर्देश

उपायुक्त ने बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों, पंडरा, हरियरपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरहंजी बेड़ो का भी भ्रमण किया। गांवों में जल स्त्रोतों (चापाकल, हैंडपंप, तालाब आदि) की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जहां जल स्त्रोतों में समस्या पाई गई, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों से सीधा संवाद कर पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित शिकायतें सुनी गईं।

मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

उपायुक्त ने बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों की महिलाओं से एक-एक कर भेंट की और मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत उन्हें दी जा रही मासिक राशि की स्थिति जानी। महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें योजना के तहत नियमित रूप से राशि प्राप्त हो रही है। कई महिलाओं ने बताया कि इस राशि को वे अपने स्वरोजगार एवं छोटे-छोटे व्यवसायों में लगा रही हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि भीषण गर्मी में कोई भी नागरिक पानी, बिजली या स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में परेशान न हो। बेड़ो प्रखंड में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, श्रीमती उर्वशी पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो अंचल अधिकारी बेड़ो एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोक भवन, में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी हुई।

### स्कूली वाहनों का चला सघन जांच अभियान

## 32 वाहनों पर 2.04 लाख रुपए का वसूला गया जुर्माना



**संवाददाता**

**रांची :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर मंगलवार को डोरंडा, श्यामली और जगन्नाथपुर क्षेत्र में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी श्री अखिलेश कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) श्री प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूल वैन एवं बसों की सघन जांच की गई। कुल लगभग 93 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रोड टैक्स, फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की गहन समीक्षा की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा है।

जांच के दौरान कई वाहनों में नियमों का उल्लंघन पाया गया। दस्तावेजों के अद्यतन नहीं होने और ओवरलोडिंग के मामलों में 32 वाहनों पर कुल ?2,04,550 का जुमार्ना लगाया गया। वहीं 78 वाहनों को विभिन्न मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस जारी किया जा रहा है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को केवल सुरक्षित और नियमों का पालन करने वाले वाहनों से ही विद्यालय भेजें। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस प्रकार के जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके।

### सीयूजे की ऐतिहासिक उपलब्धि

# संताली भाषा में द्विभाषी पीएचडी शोध प्रबंध सफलतापूर्वक पूर्ण



**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के शोधार्थी डॉ. बिसेस्वर सरेन की पीएचडी की सभी औपचारिकताएँ सफलतापूर्वक पूर्ण हो गई हैं। उन्होंने संताली (ओल-चिकी लिपि) और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में द्विभाषी शोध प्रबंध प्रस्तुत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके शोध प्रबंध का शीर्षक है ह्यचयनित संताली उपन्यासों में परिलक्षित सामाजिक वास्तविकताओं का अध्ययनह्ण। यह शोध मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन विभाग में प्रस्तुत किया गया। इस शोध कार्य का निर्देशन प्रो सुचेता सेन चौधरी (सीयूजे) एवं प्रो अमित कुमार किस्कू (विद्यासागर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल) के संयुक्त मार्गदर्शन में हुआ। डॉ सरेन पश्चिम बंगाल के संताल समुदाय से आते हैं और उनका यह कार्य जनजातीय भाषा और साहित्य के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सीयूजे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संताली भाषा में पीएचडी की शुरूआत की है। विशेष रूप से ओल-चिकी लिपि के शताब्दी वर्ष में यह उपलब्धि जनजातीय भाषाओं को नई पहचान देने वाली मानी जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सारंग मेधेकर ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे झारखंड की भाषाई विरासत के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। वहीं प्रो. सुचेता सेन चौधरी ने कहा कि इस पहल की नींव पूर्व कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास के नेतृत्व में रखी गई थी। विभागाध्यक्ष प्रो. रबीन्द्रनाथ सरमा ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

यह शोध प्रबंध संताली, अंग्रेजी, हिंदी और बंगाली साहित्य के व्यापक अध्ययन पर आधारित है तथा इसमें गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों शोध पद्धतियों का उपयोग किया गया है।

बाह्य परीक्षकों ने इस कार्य की सराहना की है। शोध प्रबंध सीयूजे के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध है और शीघ्र ही इसे भारत सरकार की शोधगंगा वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

## पंडाल में चोरी-स्नैचिंग से मचा हड़कंप

**रांची :** कांके स्थित रांची गौशाला न्यास, सुकुरहुटू के फुटबॉल मैदान में कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पहले ही दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 5 से 11 मई तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में रोजाना दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक कथा का आयोजन हो रहा है।

हालांकि, आस्था के इस बड़े समागम के बीच असामाजिक तत्वों ने भीड़ का फायदा उठाकर कई महिलाओं को निशाना बनाया। पंडाल के अंदर ही चोरी और स्नैचिंग की करीब 12 से 15 घटनाएं सामने आई हैं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार, लातेहार से आई बबीता देवी की सोने की चेन करीब 12:30 बजे पंडाल के अंदर से छीन ली गई। वहीं फुलमनी देवी के गले से लगभग 11:45 बजे मंगलसूत्र झपट लिया गया। ऐसी कई अन्य घटनाओं से महिलाओं में भय का माहौल बन गया है।

घटनाओं की सूचना मिलते ही कांके थाना पुलिस मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर कुछ महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार का चोरी का सामान बरामद नहीं हो सका।

इस घटना के बाद आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद पर्याप्त निगरानी नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आए।

### महापौर ने स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया को पूर्ण किया, कहा

## जनगणना देश के विकास की दिशा तय करती है

### नागरिकों से जनगणना-2027 में सहभागिता की अपील



**संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम सभागार में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना को लेकर एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रौशनी खलखो ने की। कार्यक्रम में निगम के वार्ड पार्षदों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया को पूरा किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कर इसका महत्व बताया तथा उपस्थित सभी पार्षदों को भी इस प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी पार्षदगणों ने भी स्व-गणना कर अपनी सहभागिता दर्ज की, जिससे आम नागरिकों के बीच जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना-2027 देश के विकास की दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करें। इससे न केवल प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनती है, बल्कि समय की भी बचत होती है। उन्होंने आगे बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 01 मई से प्रारंभ हो चुकी है, जो 15 मई तक चलेगी। इस अवधि के दौरान नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ-साथ जनगणना प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त संजय कुमार, निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

**e-Tender No. : 1806 Date 4-5-2026**

**अल्पकालीन ई- निविदा**

रॉची जिले के लिए सदर अस्पताल,रॉची एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए DICOM Imaging Solution for medical Imaging का क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक 23.5.2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंघित नियम/शर्त आदि website http://jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 6.5.2026 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्दि पत्र website http://jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
PR 379036 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)_D मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉची

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़
(जिला जनगणना कोषांग)
दूरभाष : 06553–261555(0) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के संयुक्त सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 11/जनगणना –01/2026 663/रा0 रांची, दिनांक 16.03.2026 की अधिसूचना के आलोक में जैप आई0टी0 द्वारा पंजीकृत आउटसोर्सिंग पैनल में शामिल एजेंसी से तकनीकी सहायक एवं एम0टी0एस0 की सेवा प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है। यह सूचित किया जाता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र संख्या 9/35/2025–ब्य़ब्मदद्ध दिनांक 24.12.2025 भारत की जनगणना 2027– परिपत्र संख्या 7 में दिये गये निर्देशों के अनुसरण में जिला जनगणना कार्यालय, रामगढ़, अन्य सरकारी विभागों को समान सेवाएँ प्रदान करने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसियों से नीचे उल्लेखित नियमों और शर्तो पर "आउटसोर्सिंग आधार पर 10 (दस) तकनीकी सहायक एवं 01 (एक) एम0टी0एस0 की सेवा" प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**नियम एवं शर्ते**

1.आवेदन शील बंद लिफाफे में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, रामगढ़ को संबोधित किया जाना चाहिए, जिसमें स्पष्ट रूप से तकनीकी सहायक एवं एम0टी0एस0 की आउटसोर्सिंग के लिए आवेदन लिखा हो और इसे स्पीड पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में दिनांक 08.05.2026 के मध्याहन् 12:00 बजे तक जमा किया जाना चाहिए। प्राप्त आवेदन चयन समिति के समक्ष दिनांक 08.05.2026 को अपराहन् 03:30 बजे खोला जायेगा।

2.जिन सेवाओं की व्यवस्था की जायेगी, वे पूरी तरह अस्थाई आधार पर होगी। उपरोक्त पद पर नियुक्त मानव संसाधन की पूर्ण जिम्मेदारी एजेंसी की होगी और किसी भी स्थिति में, सेवाओं के लिए तैनात मानव संसाधन अपनी सेवाओं को स्थाई करने का दावा नहीं कर सकते है या अपनी सेवा अवधि के दौरान सुविधाओं के विस्तार के लिए विभाग से सीधे मांग नहीं कर सकते हैं।

3.आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होनी चाहिए –
(क) फर्म/कंपनी के पंजीकरण की स्व–सत्यापित प्रतियाँ।
(ख) अन्य सरकारी विभाग द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र।
(ग) फर्म/कंपनी/व्यक्ति के पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति।
(घ) आयकर रिर्पोट की स्व–सत्यापित्त प्रति।
(ङ) गैर–न्यायिक स्टांप–पत्र पर गैर–ब्लैकलिस्टिंग शपथ–पत्र।
(च) वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) पंजीकरण और जी0एस0टी0 रिर्टन की स्व–सत्यापित प्रति।
(छ) मोबाईल नं0 एवं ईमेल पता।
(ज) स्व–घोषणा एवं हस्ताक्षर।

4.चयनित आवेदकों को उनके द्वारा दिये गये ईमेल/मोबाईल नं0 के माध्यन से तकनीकी दक्षता के लिए बुलाया जायेगा।

5.विस्तृत सेवा शर्ते एवं नियमावली www.ramgarh.nic.in के बेबसाईट पर वर्णित है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
प्रधान जनगणना पदाधिकारी,रामगढ़

PR 379072 (District)26-27*D

## सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

## बंगाल की जनता ने उगाया भाग्योदय का नया सूर्य

सुदूर अमरीका में जा बसे एक भारतवंशी मित्र ने मुझे कल रात (मतगणना से पूर्व) एक संदेश भेजा- ह्यक्या मोदी-शाह भारतीय बंगाल को पुनः भारत में विलय करा पाएंगे?ह्न भारत भूमि से बहुत दूर एक भारतीय की चिंता ने पश्चिम बंगाल की वास्तविक स्थिति को एक लाइन में व्यक्त कर दिया था। मैंने उन्हें आश्वस्त किया था, ₹बंगाल में भाजपा अभी नहीं तो कभी नहीं का आह्वान करके मैदान में उतरी थी। इससे अनुकूल परिस्थिति हो ही नहीं सकती। बाकी.. बंगाल और बंगाली समाज का भाग्य!

बंगाल की जनता का वंदन...साफ कहें तो बंगाल के हिन्दुओं का अभिनंदन कि उन्होंने अपने आत्मबोध को जगाया और जिस धरती ने पूरे भारत को क्रांति और अखंडता का संदेश दिया था, उसका स्वाभिमान फिर से जगाया। चार मई की शाम होते-होते बंगाल से आने वाले ढोल नगाड़ों के नाद और उड़ते गुलाल ने केवल एक राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश की राष्ट्रभक्त और रामभक्त लोगों के मन को भाव विभोर कर दिया, उल्लास से भर दिया। यह भले एक राज्य के शासन के लिए चुनाव हो पर इस परिणाम का बहुत दूरगामी प्रभाव होगा।

बंगाल की वह धरती जिसने इस देश की आजादी का महामंत्र वन्देमातरम् दिया, जहां से पैदा हुई क्रांति की ज्वाला ने देश में ज्वार पैदा किया, जिस धरती पर जन्मे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे महान क्रांतिकारी ने आजाद हिन्द का सपना जन-जन की आखों में जगाया, मां काली के भक्त परमहंस रामकृष्ण दास के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने विश्व गगन पर हिन्दुत्व की आध्यात्मिक शक्ति का नाद ह्यगर्व से कहो हम हिन्दू हैंह्न गुंजाया, उस बंगाल के बारे में यह संशय, यह चिंता, पिछले 33 साल के कम्युनिस्ट कुशासन और अब 15 साल में ममता बनर्जी के तुष्टीकरण शासन से उपजी थी।

मुझे अच्छे से याद है कि जब ममता बनर्जी कम्युनिस्टों की हिंसक और खूनी सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रही थीं तब वे हिंसा के शिकार कुछ लोगों को दिल्ली लेकर आई थीं। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के सभागार में हुए उस आयोजन का संचालन मैंने (इन पंक्तियों के लेखक) ही किया था, जिसमें उन लोगों को प्रदर्शित किया गया था जिनके हाथ कलाइयों से काट दिए गये थे। उनका कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को वोट दिया था। उस समय ममता बनर्जी कांग्रेस से अलग होकर केन्द्र में अटल जी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार का समर्थन कर रहीं थीं। ममता बनर्जी ने जो उन दिनों संघर्ष किया, उसके लिए उन्हें जितनी प्रताड़ना सहनी पड़ी, उसी के लिए मैंने उस दिन उन्हें बार-बार बंगाल की शेरनी कहकर संबोधित किया था।

उस संघर्ष के बल पर कम्युनिस्टों के खूनी राज को उखाड़ कर सत्ता में पहुंची बंगाल की वह शेरनी मात्र 5 साल बाद ही अपनों के लिए ही खूंखार होने लगी थी। सत्ता पाने के बाद ममता बनर्जी का एक दूसरा ही रूप सामने आया, जो तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक पहुंच गया था। मां, माटी और मानुष का नारा लगाकर सत्ता में पहुंचीं ममता बनर्जी के लिए अब मुल्ला, मुअज्जिन और मदरसा ही सब कुछ हो गए थे। यही वजह है कि कभी भारत की स्वतंत्रता की आवाज उठाने वाली धरती से यह सुनाई देने लगा था कि यह मिनी पाकिस्तान है या यह बांग्लादेश है। जो बाबर कभी बंगाल की धरती तक नहीं पहुंचा, उसके नाम पर बाबरी मस्जिद बनाने की कसम खाने वाले वहां पैदा होने लगे थे। बंगाली महिलाओं की इज्जत दांव पर लगी थी और एक महिला मुख्यमंत्री की यह निर्लज्ज टिप्पणी थी कि अगर सुरक्षित रहना है तो रात के अंधेरे में घर से न निकलो।

मां काली का भक्त हिन्दू समाज चुप रहकर, भौचक होकर आश्चर्य से देख रहा था कि वोट बैंक की राजनीति में अंधी हो गई ममता बनर्जी को उनकी पीड़ा क्यों नहीं दिख रही है। आखिर क्या वजह है कि हिन्दू स्वाभिमन का उद्घोष ह्यजय श्रीरामह्न का नारा ममता के कानों में शीशे के घोल सा महसूस होता है। बंग भंग के आंदोलन से लेकर नोआखली के दंगों और विभाजन की त्रासदी को सहकर भी जो बंगाली समाज परम्परागत रूप से राष्ट्रभक्ति के रस में सराबोर रहा, उसके लिए यह सारी परिस्थितियां असहनीय थीं।

ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने उनकी पीड़ा को समझा। उसने पाया कि ममता बनर्जी एक तरफ तुष्टिकरण, दूसरी तरफ भ्रष्टाचार और तीसरे परिवारवाद के चंगुल में पड़कर केवल बंगाल ही नहीं बल्कि एक प्रकार से राष्ट्रवाद और भारत का भी अहित करने लगीं हैं। तब नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व, अमित शाह की कुशल कूटनीति और पूरे भाजपा संगठन और उसके कार्यकताओं के अनथक परिश्रम ने बंगाल की राष्ट्रभक्त जनता के मन में विश्वास पैदा किया। उस विश्वास को पाकर ही बंगाल की राष्ट्रभक्त जनता ने अपने ऊपर से उस शासन को उखाड़ फेंका जिसमें वे घुट-घुट कर जी रहे थे। वे खुलकर अपने राष्ट्रभक्त होने का, हिन्दू होने का, रामभक्त होने का और यहां तक कि भारतीय होने का गर्व नहीं व्यक्त कर पा रहे थे। वे एक प्रकार से अघोषित मुस्लिम व्यवस्था के तले पिसता हुआ सा महसूस कर रहे थे। चार मई को जो परिणाम आया है वह इस बात की आश्वस्ति प्रदान करता है कि भारत का बंगाल हमेशा भारत का ही बंगाल रहेगा। बंगाल की संघर्षशील, क्रांतिकारी और राष्ट्रभक्त जनता ने लगभग 50 साल तक तीन धाराओं (कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तृणमूल) में चलकर देख लिया है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार बंगाल की धरती पर राष्ट्रवाद का नया स्त्रोत फूटा है, जिससे निकली धारा में उस राज्य के भविष्य के बारे में कोई संशय नहीं रहेगा और भारत के भाग्योदय का सूर्य भी और प्रखरता से चमक उठेगा।

# देश के श्रम परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका

> राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुसार राजस्व न्यायालयों के सुदृढ़ीकरण और लंबित वादों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। अकेले राजस्थान की ही आंकड़ों में बात की जाए तो इस तरह के 6 लाख 72 हजार वाद रेवेन्यू न्यायालयों में विचाराधीन चल रहे हैं। इनमें से करीब 64 प्रतिशत 4.31 लाख के वाद उपखण्ड अधिकारी के न्यायालयों में निर्णयाधीन है।

**मुकुंद**

देश का श्रम परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इसने पुरुष और स्त्री के दायरे को खत्म कर दिया है। आज भारत की महिला श्रम के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत के श्रम परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की भूमिका में महत्वपूर्ण बदलाव और वृद्धि देखी गई है। अब देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक ढांचे को बदलने वाली भी है।महिला श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह दर 2017-18 में 23.3 फीसद थी। 2024-25 में बढ़कर यह 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। ग्रामीण भारत में भी बदलाव और वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका अग्रणी है। कृषि और पशुपालन के साथ-साथ स्वरोजगार में उनकी सक्रियता बढ़ी है। देश में आज भी कामकाजी महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा कृषि (लगभग 60 प्रतिशत से अधिक) और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत है। शहरी क्षेत्रों में महिलाएं आईटी, बैंकिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। महानगरों में नियमित रोजगार के मामले में लैंगिक अंतर काफी कम हुआ है। 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं अब सूक्ष्म उद्यमी बन रही हैं। इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ी है।विडंबना यह है कि कार्यबल में शामिल होने के बावजूद महिलाएं घरेलू काम और बच्चों की देखभाल का असंगत बोझ उठाती हैं। समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं को मिलने वाले वेतन में अभी भी अंतर बना हुआ है। खासकर विशेषकर असंगठित क्षेत्रों में यही स्थिति है।

सरकारी कोशिशों के बावजूद वरिष्ठ प्रबंधन और निर्णय लेने वाले पदों (जैसे बोर्ड मेंबर या सीईओ) पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। सरकारी पहल और भविष्य की राह सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'मुद्रा योजना' (जिसमें 70 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिए गए) और मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम जैसे कदमों के जरिए महिलाओं को श्रम शक्ति में बनाए रखने का प्रयास किया गया है। विश्व बैंक के अनुसार, महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत की जीडीपी विकास दर में उल्लेखनीय उछाल आ सकता है।महत्वपूर्ण यह है कि कुछ वक्त पहले तक देश में महिलाओं के ज्यादातर काम अनदेखे ही रहते थे। उनके कामों का ज्यादातर हिस्सा घरों, पारिवारिक उद्यमों और अनौपचारिक भूमिकाओं तक ही सीमित था। इनका आधिकारिक दस्तावेजों में शायद ही कभी जिक्र होता रहा हो। अब स्थिति बदल रही है और महिलाएं देश के श्रम परिदृश्य को नया रूप दे रही है। देश के कार्यबल में बदलाव की कहानी आंकड़ों में भी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि महिला श्रम बल भागीदारी में तेजी से वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 40 प्रतिशत हो गई है। खुशी की बात है कि इस बदलाव का नेतृत्व ग्रामीण भारत कर रहा है।

यही नहीं गांवों और छोटे कस्बों की महिलाएं अब पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर उद्यमिता की ओर अग्रसर हो रही हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक महिला परिवारों को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया गया है। वित्तीय समावेशन के मार्ग के रूप में शुरू हुआ यह प्रयास धीरे-धीरे सूक्ष्म उद्यमों के एक नेटवर्क में तब्दील हो गया है। यहां महिलाएं उत्पादन, प्रबंधन और बिक्री कर रही हैं और अक्सर अपने परिवारों में प्राथमिक आय का स्रोत बन रही हैं। महिला नेतृत्व वाले उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए नए सिरे से शुरू किए गए नीतिगत प्रयासों से इस रफ्तार में और तेजी आई है। लखपति दीदी कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हुआ है। यह पहल महिलाओं को अपनी आय को स्थायी रूप से बढ़ाने में सक्षम बनाने पर केंद्रित हैं। इसका मकसद प्रति वर्ष 1 लाख रुपये से अधिक कमाने वाली करोड़ों महिला उद्यमियों का सृजन करना है। ऋण, कौशल और बाजार संपर्कों तक विस्तारित पहुंच के साथ, यह भागीदारी से आय सुरक्षा की ओर एक बदलाव का प्रतीक है, जहां महिलाएं न केवल काम कर रही हैं, बल्कि अधिक मजबूत आजीविका का निर्माण भी कर रही हैं। यह बदलाव देश के बढ़ती स्टार्टअप व्यवस्था में भी दिखाई देने लगा है। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत देश विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप हब के रूप में उभरा है। अच्छी बात यह है कि 2.2 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप 23.3 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर रहे हैं। इनमें से एक लाख से अधिक स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक हैं। इसके साथ ही स्किल इंडिया मिशन और अन्य सरकारी कौशल विकास कार्यक्रमों जैसी पहलों की मदद से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों से जुड़े कौशल से लैस किया जा रहा है। उद्योगों पर आधारित कौशल विकास पर यह बढ़ता जोर, रोजगार क्षमता में सुधार करने और अधिक स्थिर और उत्पादक आजीविका की ओर बढ़ने में मददगार साबित हो रहा है।

हाल के श्रम सुधारों ने भी इस अंतर को दूर करने का प्रयास किया है। 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करने से नियामक ढांचा सरल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन सुधारों के कार्यान्वयन का स्वागत करते हुए कहा, ''ये संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और लोगों, विशेष रूप से नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों की मजबूत नींव के रूप में कार्य करेंगी।'' व्यापक स्तर पर पर देखा जाए तो, देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में करीब 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सुखद यह है कि इस परिदृश्य में महिलाएं न केवल कार्यबल का हिस्सा हैं, बल्कि भविष्य को आकार देने में भी वे केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं। (स्रोत-पीआईबी)

# लते बंगाल की नई इबारत: वाम से ममता और अब भाजपा!

> 1977 में ज्योति बसु के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में आया और अगले 34 वर्षों तक उसने राज्य की राजनीति पर एकछत्र राज किया। शुरूआती वर्षों में भूमि सुधार और पंचायत सशक्तिकरण जैसे कदमों ने ग्रामीण समाज को नई दिशा दी, लेकिन समय के साथ यही शासन तंत्र जड़ता का शिकार हो गया।

**-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से विचारधाराओं, आंदोलनों और सत्ता संघर्षों की प्रयोगशाला रही है। 1977 से 2011 तक वामपंथ का लंबा शासन, उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस का उदय और अब 2026 में भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट बहुमत- ये तीनों चरण वास्तव में इस राज्य के लिए जनमानस के बदलते विश्वास का प्रतिबिंब हैं।

1977 में ज्योति बसु के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में आया और अगले 34 वर्षों तक उसने राज्य की राजनीति पर एकछत्र राज किया। शुरूआती वर्षों में भूमि सुधार और पंचायत सशक्तिकरण जैसे कदमों ने ग्रामीण समाज को नई दिशा दी, लेकिन समय के साथ यही शासन तंत्र जड़ता का शिकार हो गया। सत्ता का केंद्रीकरण, राजनीतिक हिंसा और औद्योगिक विकास की कमी, हिन्दू अत्याचार, मुस्लिम तुष्टिकरण से जैसे राज्य की सामाजिक व्यवस्था और आर्थिक गति को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था।

2007 के नंदीग्राम और सिंगूर आंदोलनों ने वामपंथी शासन की नींव को हिला दिया। भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उठे इन जनआंदोलनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता अब विकास के नाम पर जबरदस्ती स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इन घटनाओं ने जनता के भीतर परिवर्तन की इच्छा को मजबूत किया।

ममता बनर्जी का उदय और उम्मीदों का नया दौर 2011 में ममता बनर्जी ने ह्लमां, माटी, मानुषह्व के नारे के साथ सत्ता संभाली। ममता बनर्जी ने खुद को गरीबों, किसानों और आम लोगों की नेता के रूप में स्थापित किया। शुरूआती वर्षों में उनकी लोकप्रियता चरम पर थी और लगा कि बंगाल एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता चला, लोगों के ध्यान में आया कि ममता बनर्जी भी उसी राह पर चल पड़ी हैं, जिसके चलते वामपंथी शासन का किला यहां की जनता ने ढहाया था। समय के साथ ममता सरकार पर भी वही आरोप लगने लगे जो कभी वामपंथ पर लगते थे। ह्लकट मनीह्व, राहत घोटाले और प्रशासनिक पक्षपात जैसे मुद्दों ने सरकार की विश्वसनीयता को कमजोर किया। स्थानीय स्तर पर पार्टी कार्यकताओं का बढ़ता प्रभाव और प्रशासन पर राजनीतिक दबाव ने शासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए।

पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा एक गंभीर समस्या रही है। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने पूरे देश का ध्यान खींचा। आरोप लगे कि विपक्षी कार्यकताओं विशेष तौर पर बीजेपी के कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारियों को निशाना बनाया गया। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठे और जनता के भीतर असुरक्षा की भावना बढ़ी।

महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों, विशेष रूप से आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसी घटनाओं ने सरकार की संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाया। जिस ह्लमां, माटी, मानुषह्व के नारे के साथ ममता बनर्जी ने सत्ता संभाली थी, ध्यान में आया कि उनके शासन में लगातार महिलाओं पर हिंसा बढ़ी है, बलात्कार के अनेक मामले एक के बाद एक यहां सामने आए हैं। जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं का एक बड़ा वर्ग सरकार से निराश होता गया। यह असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक रूप लेने लगा और चुनावी परिणामों में आज इसका असर स्पष्ट दिखाई दिया है।

भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल में धीरे-धीरे अपनी जड़ें मजबूत कीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 42 में से 18 सीटें जीतकर पार्टी ने यह संकेत दे दिया था कि वह अब एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी छवि ने पार्टी को विश्वसनीय विकल्प के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां देखने में आता है कि भाजपा ने केवल चुनावी रणनीति पर ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक विस्तार पर भी जोर दिया। बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता, सामाजिक समीकरणों को साधने की रणनीति और लगातार जनसंपर्क ने पार्टी को मजबूत आधार दिया। यह विस्तार सामाजिक स्तर पर भी प्रभावी साबित हुआ और आज भाजपा यहां निर्णायक सत्ताधारी दल के रूप में स्थापित होने जा रही है।

अब तक के सामने आए विधानसभा चुनाव में बढ़त को देखकर लगता है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। यहां हुआ 92 प्रतिशत से अधिक मतदान यह दशार्ता है कि जनता ने इस बार निर्णायक बदलाव का मन बना लिया था। जोकि शासन के प्रति जनता के असंतोष का स्पष्ट संदेश है। कहना होगा कि भाजपा की जीत आज उस व्यापक जनभावना का परिणाम है जो बदलाव चाहती थी। लोगों ने भाजपा को एक ऐसे विकल्प के रूप में देखा जो स्थिरता, विकास और मजबूत शासन दे सकता है। भाजपा के सत्ता में आने से केवल सरकार नहीं बदलेगी, बल्कि राजनीतिक संस्कृति में भी बदलाव की उम्मीद की जा रही है। हिंसा मुक्त चुनाव, पारदर्शी प्रशासन और विकास केंद्रित राजनीति, ये वे अपेक्षाएं हैं जो जनता भाजपा से कर रही है।

बंगाल लंबे समय से औद्योगिक विकास में पिछड़ता रहा है। भाजपा के नेतृत्व में निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से विकास को गति मिल सकती है। पश्चिम बंगाल की राजनीति का यह सफर दशार्ता है कि जनता हमेशा बदलाव की तलाश में रहती है। 34 वर्षों का वाम शासन, 15 वर्षों का तृणमूल शासन और अब भाजपा का उदय, आज ये सभी उस लोकतांत्रिक चेतना के प्रतीक हैं जो समय-समय पर खुद को अभिव्यक्त करती है। 2026 का जनादेश पश्चिम बंगाल के लिए एक नई दिशा की शुरूआत है, जिसमें भाजपा के नेतृत्व में बंगाल एक नए अध्याय की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।

# मां लक्ष्मी का यह चमत्कारी बीज मंत्र जपें, घर में आएगी सुख-समृद्धि

हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी को समर्पित होता है। यह दिन मां लक्ष्मी की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है। मां लक्ष्मी की कृपा होने पर जातक को कभी आर्थिक तंगी नहीं होती है। वहीं जातक के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं आप पूजा के समय मां लक्ष्मी के कुछ मंत्रों का जाप करके उनकी कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। वहीं इन मंत्रों का जाप करने से दरिद्रता दूर होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मां लक्ष्मी के प्रभावशाली मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका जाप करने से



सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

**बीज मंत्र**

मां लक्ष्मी का यह मंत्र भले ही छोटा सा है, लेकिन यह मंत्र बेहद शक्तिशाली माना जाता है। अगर आप रोजाना इस आसान मंत्र का जाप करते हैं, तो इससे आपके जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

**महालक्ष्मी मंत्र**

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्म्यै नमः

यह मां लक्ष्मी का बेहद प्रभावशाली मंत्र है। मां लक्ष्मी की पूजा के दौरान इस मंत्र का जाप करने से जातक को मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इससे आर्थिक समृद्धि आती है और जीवन में सुख-सौभाग्य की वृद्धि होती है।

कृपा प्राप्ति के लिए मंत्र

₹या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

मां लक्ष्मी की स्तुति के लिए यह श्लोक गाया जाता है। शुक्रवार के दिन पूजा के दौरान मां लक्ष्मी के इस मंत्र का जाप करना चाहिए। इस मंत्र का जाप करने से जातक के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

बाधाएं दूर करने के लिए

ॐ ह्रीं ह्रीं श्री लक्ष्मी वासुदेवाय नमः

किसी भी शुभ काम को करने से पहले मां लक्ष्मी को समर्पित इस मंत्र का जाप करना चाहिए। इस मंत्र का जाप करने से जातक के सभी काम बिना किसी बाधा के संपन्न होते हैं।

आर्थिक तंगी दूर करने के लिए

ॐ ह्रीं श्री क्रीं क्लीं श्री लक्ष्मी मम गृहे धन पूरये, धन पूरये, चिंताएं दूरये-दूरये स्वाहाः

जो भी जातक इस मंत्र का पूरे श्रद्धाभाव से जप करते हैं, तो इससे जातक को कर्जे से मुक्ति मिलती है। वहीं इस मंत्र के नियमित जाप से आर्थिक तंगी दूर होती है।

## टिप्स

### बच्चों में बढ़ रहा डायबिटीज का खतरा

डायबिटीज एक वैश्विक समस्या के रूप में उभर रहा है। लगभर हर दूसरे घर में डायबिटीज का कोई न कोई मरीज नजर आता है। यही वजह है कि हाल के सालों में डायबिटीज के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ी है। खासकर जब किसी फैमिली में पेरेंट्स में किसी एक को डायबिटीज है, तो बच्चों में भी इसका खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हर माता-पिता के मन में यह सवाल उठता है कि बच्चे को डायबिटीज होने से कैसे बचाया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बच्चे को डायबिटीज कैसे होता है और इसको कैसे रोका जा सकता है।

जब पेरेंट्स को डायबिटीज हो, बच्चों को भी यह समस्या होने का खतरा बना रहता है। इसको हम जेनेटिक डायबिटीज कहते हैं। आमतौर पर पेरेंट्स से यह जीन बच्चों में ट्रांसफर होता है। अगर पेरेंट्स के डीएनए में कुछ ऐसे 'ससेप्टिबिलिटी जीन्स' है, जोकि इंसुलिन के प्रति बॉडी की प्रतिक्रिया को प्रभावित करते हैं। तो यह बच्चों को विरासत में मिल सकते हैं।

**टाइप 1 डायबिटीज** : टाइप 1 डायबिटीज एक ऑटोइम्यून कंडीशन है। अगर पुरुष को टाइप 1 डायबिटीज है, तो बच्चे को डायबिटीज होने की संभावना 17 में से 1 होती है। वहीं अगर मां को टाइप 1 डायबिटीज है और बच्चे का जन्म 25 साल से पहले हुआ है, तो उन बच्चों में टाइप 1 डायबिटीज का खतरा 25 में से 1 है। वहीं अगर बच्चे का जन्म 25 साल की उम्र के बाद हुआ, तो उनके बच्चों में इस डायबिटीज का खतरा 100 में से 1 है।

**टाइप 2 डायबिटीज** : यह जीन और लाइफस्टाइल के मिश्रण से होने वाली समस्या है। अगर फैमिली में पहले से किसी को टाइप 2 डायबिटीज है, तो यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि आपकी डायबिटीज लाइफस्टाइल की वजह से है या फिर जेनेटिक्स की वजह से है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी



**साहिबगंज**:जिले के पत्रकारिता जगत के लिए अत्यंत दुखद समाचार है कि वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद मामलोत शेख अब हमारे बीच नहीं रहे।उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है।इस दुखद अवसर पर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन शाखा साहिबगंज की ओर से जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में श्रद्धांजलि सभा सह शोक सभा का आयोजन किया गया।सभा में जिले के सभी प्रमुख पत्रकार उपस्थित हुए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय मोहम्मद मामलोत शेख का पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।वे अपने सरल स्वभाव, निष्पक्ष लेखन और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सदैव याद किए जाएंगे।इस दुःखद घड़ी में साहिबगंज जिले का समस्त पत्रकार परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है।सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति दें।इस शोक सभा कार्यक्रम के मौके पर अरविंद ठाकुर,चंदन सिंह,आलोक कुमार,शिवशंकर निराला, मुमताज नोमानी, प्रवीण कुमार,पंकज वर्मा, बच्चन कुमार पाठक, मो.गुलजार,मो.अफसर अली,बिट्टू सिंहा,सहेंद्र प्रसाद, मुकेश मिश्रा,विजय केजरीवाल,अरविंद कुमार यादव,मनीष शर्मा,शुभेंदु पंडित व सुनील पासवान मौजूद थे।

## विभावि में 111 ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदन

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप स्कीम के तहत 111 ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी 17 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नोडल पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि को अंतिम बार बढ़ाया गया है। वर्ष 2021 से 2025 के बीच झारखंड के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं। चयन स्नातक में प्राप्त अंकों एवं राज्य सरकार की आरक्षण नीति के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने डॉ. रेणु बोस की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

कंप्यूटर कोषांग के प्रभारी दीपू कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी झारखंड सरकार के पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रतिमाह 12,000 रुपये का स्टाइपेंड मिलेगा। विश्वविद्यालय ने जारी सूचना में अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें, ताकि मेधा सूची व वेरिफिकेशन से संबंधित जानकारी समय पर मिल सके।

# यह जीत देशवासियों की उम्मीदों और विश्वास की जीत है : पंकज

संवाददाता



साहिबगंजः पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर खुशी जताते हुए झारखण्ड भारतीय जनता युवा मोर्चा आईटी सेल के प्रदेश संयोजक पंकज घोष ने इसे लोकतंत्र में जनता की अटूट आस्था विकास के प्रति समर्पण और सुशासन की ऐतिहासिक जीत बताया है।उन्होंने कहा कि यह जनादेश इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मजबूत एवं दूरदर्शी नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास रखती है।कहा कि आज का मतदाता जाति,क्षेत्रवाद और तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठकर विकास,पारदर्शिता और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रहा है।श्री घोष ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां के मतदाताओं ने इस परिणाम के जरिए परिवर्तन,स्थिरता और प्रगति का स्पष्ट संदेश दिया है।उन्होंने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और विश्वास की जीत है।पंकज घोष ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी,युवाओं को बेहतर अवसर देगी और महिलाओं को सशक्त बनाते हुए सुशासन की दिशा में आगे बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ देशभर में जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शेरशाहबादी समुदाय का धरना दूसरे दिन भी जारी, हक मिलने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान

संवाददाता



**साहिबगंज/बरहरवा**:शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। बरहरवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में बड़ी संख्या में युवा,छात्र और समुदाय के लोग स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।धरना स्थल पर सोसाइटी के सदस्य अजमाइल शेख ने कहा कि सुनियोजित तरीके से शेरशाहबादी समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडल आयोग और सच्चर कमेटी की सिफारिशों के आधार पर इस समुदाय को अत्यंत पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण का लाभ मिलने लगा था,जिससे समुदाय के सामाजिक और आर्थिक स्तर में सुधार हो रहा था।उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड गठन के बाद वर्ष 2012 तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता था,लेकिन इसके बाद इसे अचानक बंद कर दिया गया।लंबे समय से पत्राचार,संघर्ष और आंदोलन के बावजूद प्रशासन और सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।वहीं मुखिया मो.इस्तियाक ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग सूची में शेरशाहाबादी जाति को 102 क्रमांक पर अधिसूचित किया गया है।इसके बावजूद अंचल प्रशासन इस समुदाय के लोगों को ह्यशेखह्ण जाति का प्रमाण पत्र जारी कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेरशाहाबादी, शेख जाति की उपजाति होते हुए भी अपनी अलग परंपरा,रहन-सहन और ऐतिहासिक पहचान रखती है।उन्होंने बताया कि बिहार के सीमांचल क्षेत्र पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों तथा झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में इस समुदाय की विशिष्ट पहचान है।

## बंगाल में भाजपा की जीत को लेकर हुई चर्चा

संववाददाता



**साहिबगंज/बरहरवा**:भारतीय जनता पार्टी पतना प्रखंड कमिटी की विशेष बैठक पतना प्रखण्ड के बड़ा दिघी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल ने किया।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निदेर्शानुसार संगठन मजबूत करने और केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर लाभ दिलाने व गरीब मजदूर को हक दिलाने के उद्देश्य को सुनिश्चित करना है।वही प.बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई बंगाल की जनता ने सबका साथ सबका विकास वाली भाजपा की नीतियों पर दिल खोलकर भरोसा जताया है।जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है।बंगाल में अब सुशाशन और रामराज्य स्थपित होगा और महिलाओं की सुरक्षा और विकास की मुख्य धारा से बंगाल को जोड़ा जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी उषा भारती जिला उपाध्यक्ष चौकीदार हादसा प्रखंड प्रतिनिधि जितेंद्र टूरी प्रखंड प्रथम महामंत्री रोहित रजक उपाध्यक्ष जगन मुर्मू बासकी मंडल ठाकुर हेमाराम रस्सी मोर्चा अध्यक्ष श्याम टूरी युवा नेता रोबिन दास बाबूलाल हसदा लालटु शेख प्रखंड मंत्री पूनम देवी गीता देवी संजय पुरी होपना मरांडी तथा शक्ति में प्रभारी उपस्थित थे।

# दादा दादी नाना नानी ईश्वर के प्रतिरूप होते हैं : सुनील पंडित

संवाददाता



साहिबगंजः विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में दादा - दादी एवं नाना - नानी स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा सदस्य तेज नारायण भगत व प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता,ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया।समारोह में आगत अतिथियों का सम्मान डायरी एवं लेखनी भेंट कर किया गया।समारोह में लगभग 80 दादा - दादी ,नाना -नानी उपस्थित थे।समारोह में उपस्थित भैया,बहन ने अपने दादा-दादी व नाना -नानी के पांव को धोकर,मस्तक पर तिलक लगाकर,मुंह मीठा कर आरती किया।विद्यालय की ओर से सभी बुजुर्गों को गीता सप्रेम भेंट किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मृदुला सिन्हा ने बताया कि जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है,वहां सुख,शांति और समृद्धि स्वयं आ जाती है।तेज नारायण भगत ने बताया कि दादा - दादी,नाना -नानी ईश्वर के प्रतिरूप होते हैं और उनका सदैव सम्मान होना चाहिए क्योंकि वे बच्चों में असली संस्कार भरते हैं।सुनील पंडित ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि बुजुर्ग वटवृक्ष की तरह होते हैं,जिनकी छाया हमें शांति समृद्धि और सुरक्षा प्रदान करती है।समारोह का संचालन स्नेहा भारद्वाज और अतिथि परिचय सुनील पंडित ने किया।धन्यवाद ज्ञापन किरण कुमारी गुप्ता एवं शांति मंत्र का पाठ लिपिका राज सिंह ने किया।समारोह में विद्यालय के आचार्य अमित कुमार,अजीत कुमार मालवीय,कल्याण भंडारी,राघव वत्स,संतोष कुमार दास,सोनू शर्मा,अर्चना वर्मा,निर्मला कुमारी,सारिका कुमारी,क्रिस्टीना मुर्मू टीनू पाण्डेय,सोनी कुमारी उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने छह नाबालिक बच्चों का किया रेस्क्यू,बाल संरक्षण को किया सुपुर्द

एजेंसी



साहिबगंज/बरहरवाःआरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में मानव तस्करी,टीओपीबी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:40 बजे से छापामारी एवं तलाशी अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान छापेमारी दल में स्टाफएएसआई सुरेश पासवान,एएसआई बी.एन. टुडू,कांस्टेबल अमरेश कुमारमहिला कांस्टेबल अर्पण कुमारीमहिला कांस्टेबल काजल कुमारी बाल संरक्षण मंथन की आराधना मंडल संयुक्त रूप से अभियान के दौरान स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में कुल 06 नाबालिग बच्चे संदिग्ध अवस्था में बिना किसी समुचित सामान के पाए गए।पूछताछ करने पर उनमें से 03 नाबालिग 02 बालिकाएं एवं 01 बालक ने अपनी आयु क्रमशः लगभग 10 वर्ष, 17 वर्ष एवं 16 वर्ष बताई तथा अपना निवास थाना तालझारी, जिला साहेबगंज बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वे आपस में सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आए थे तथा दिन के लगभग 11:00 बजे घर से बिना अभिभावकों को सूचित किए निकल गए थे। उक्त में से एक बालिका आयु लगभग 10 वर्ष ने बताया कि वह अपने एक परिचित लड़के के साथ आई थी, जो आरपीएफ की टीम को देखकर मौके से भाग गया।शेष 03 नाबालिग बालकों ने अपनी आयु क्रमशः लगभग 16 वर्ष, 16 वर्ष एवं 17 वर्ष बताई तथा अपना निवास थाना कोटालपोखर, जिला साहेबगंज बताया। उन्होंने बताया कि वे भी बिना अपने अभिभावकों को सूचित किए घर से निकलकर मजदूरी के उद्देश्य से पटना बिहार जाने हेतु यहां आए थे।अभी नाबालिगों की गतिविधियां एवं उनके कथन संदिग्ध और असंतोष जनक पाए जाने के कारण, सभी को बाल मंथन संस्थान बरहरवा की प्रतिनिधि आराधना मंडल की उपस्थिति में सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया।जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।तत्पश्चात समस्त आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत, उक्त सभी नाबालिगों को आराधना मंडल बाल मंथन संस्थान, बरहरवा को सुपुर्द कर दिया गया।ताकि उनके संरक्षण, परामर्श एवं आगे की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। ज्ञात बरहरवा आरपीएफ लगातर जाँच अभियान चला रही है जिसके फलस्वरूप विभिन्न मामलों में उन्हें सफलता मिल रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### युवती गंभीर रूप से झुलसी, इलाज के दौरान मौत

**साहिबगंजः** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित एक घर में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां घर 22 वर्षीय युवती गंभीर रूप से झुलस गई। और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतका की पहचान निशा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर में अकेली थी। अचानक किसी तरह उसके शरीर पर आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गई।परिजनों के अनुसार, निशा के भाई सौरभ कुमार और मां किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। इसी बीच आसपास के लोगों ने फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत घर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाकर निशा को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर रूप से झुलसने के कारण कुछ घंटों बाद उसकी मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि चार दिन पहले ही निशा का रिश्ता तय हुआ था और आगामी दिनों में लड़के पक्ष के यहां कार्यक्रम के लिए आसनसोल जाने की तैयारी चल रही थी। घटना के समय भी परिजन उसी सिलसिले में बैंक जा रहे थे।बताया जाता है कि निशा के पिता मनोज प्रसाद का निधन वर्ष 2021 में हो चुका है। आग कैसे लगी इस मामले में पुलिस पीड़ित परिवार से पूछताछ कर रही है।इधर घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 64 हजार रुपए की हुई अवैध निकासी

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा निवासी गुलसाद अंसारी के मोबाइल से अवैध रूप से 64 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गई।पिड़ित गुलसाद ने इसकी शिकायत नगर थाना पुलिस को आवेदन देकर किया हैं।जिसमे गुलसाद ने बताया कि उसका मोबाइल अपडेट मांग रहा था वह अपडेट करने लगा अपडेट होने के बाद मोबाइल रीस्टार्ट हुआ और मोबाइल ऑन होने के बाद सर एप्लीकेशन अपने आप इधर-उधर होने लगा और मोबाइल में 64 हजार निकासी होने का मैसेज आया। पे फोन से बैलेंस चेक किया तो देखा कि मेरा सारा पैसा अवैध रूप से निकासी हो चुका है। तुरंत इस घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है हमले की छानबीन की जा रही है।

### 30 हजार रुपए ठगी करने का आरोप, थाने में दिया आवेदन

**साहिबगंज:**जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी स्नेह लता के साथ कृषक लोन दिलाने के नाम पर वनांचल कृषक सेवा समिति लिमिटेड द्वारा 30 हजार रुपए ठगी कर लेने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है।जिसमें बताया गया कि वनांचल कृषक सेवा सहयोग समिति लिमिटेड बैंक छोटा पंचगढ़ में हैं।रंजना कुमारी जो इस समिति की निदेशक है। इसके द्वारा मुझे 30 हजार रुपया ली थी .इसके अलावा 1050 रुपया प्रोसेसिंग शुल्क भी लिया था। कुल 31500 लोन देने हेतु अग्रिम राशि निवेदक ने ले ली थी। काफी दिन बीत गए इसके बावजूद जो लोन नहीं दिलाई और जब पैसा वापस मांगते हैं तो वह तारीख पर तारीख देती है लेकिन पैसा वापस नहीं करती। पीड़ित ने जिरवाबाड़ी थाना को आवेदन देकर पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई हैं।

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने घंटों रोकी कोयला ट्रांसपोर्टिंग

**बड़कागांव(हजारीबाग) :** सोमवार देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने बड़कागांव के जुगरा स्थित पकवा नाला और न्यू पोखर क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। पहाड़ों से तेज बहाव के साथ उतरा पानी अचानक बाढ़ का रूप ले बैठा, जिससे भौजी होटल के समीप अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते पानी का तेज बहाव आसपास खड़े वाहन और झोपड़ियों को अपनी चपेट में लेने लगा। इस बाढ़ में राहुल कुमार की झोपड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं बोलेरो, ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और पानी मशीन भी पानी में डूब गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग को लेकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य घंटों तक ठप कर दिया। सड़क पर खड़े ग्रामीण लगातार नुकसान की भरपाई की मांग करते रहे। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। बाद में कंपनी अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बातचीत हुई। काफी समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद कोयला ट्रांसपोर्टिंग दोबारा शुरू हो सकी। पीड़ित राहुल कुमार ने कहा कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि उनकी बोलेरो, ट्रैक्टर और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जबकि झोपड़ी भी बह गई। उन्होंने कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान हर साल इस क्षेत्र में जलजमाव और तेज बहाव की समस्या उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनी से जल्द राहत एवं मुआवजा देने की मांग की है।

### आम जनता के लिए स्वास्थ्य विभाग हमेशा तैयार, संध्या चौपाल का आयोजन



साहिबगंजः शहरी क्षेत्र में बीते शाम सिविल सर्जन रामदेव पासवान के निर्देश के अनुसार दहला दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जबकि सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य हेतु लगातार शिविर लगाया जा रहा है की आम जनता को किसी भी बीमारी से लड़ने और झोलाछाप डॉक्टर से इलाज नहीं करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है इस संदर्भ में डॉक्टर अमित कुमार के द्वारा 82 लोगों का स्वास्थ्य जांच करते हुए 70 से ज्यादा सुगर और 410 टैबलेट का वितरण भी किया गया। इस चौपाल में इन दोनों लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए मलेरिया डेंगू डायरिया जैसी घातक बीमारी की भी जांच की गई। इस कार्यक्रम में एएनएम रीता देवी, निकिता स्वाती जबकि बीटीटी एवं एमपीडब्ल्यू सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



भारती सिंह और

# शेखर सुमन को कोर्ट से बड़ी राहत

## रद्द की गई FIR



बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कमीडियन भारती सिंह और अभिनेता शेखर सुमन को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2010 में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हास्य-व्यंग्य और तुकबंदी के उद्देश्य से की गई टिप्पणियों का ध्येय किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं होता। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की तरह से कहा गया कि जिन शब्दों को आपत्तिजनक बताया जा रहा है, वे हैं 'या अल्लाह! रसगुल्ला! दही भल्ला! याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ये केवल तुकबंदी और हास्य के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द हैं। उनका तर्क है कि 'दही भल्ला' और 'रसगुल्ला' आम खाद्य पदार्थ हैं, जो सभी समुदायों के लोगों द्वारा जाने और खाए जाते हैं, और इन अभिव्यक्तियों में कोई धार्मिक रंग नहीं है। इस तर्क को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सामान्य सामाजिक उपयोग में ये शब्द अपने आप में तटस्थ हैं। किसी हास्यपूर्ण कार्य में खाद्य पदार्थों का मात्र उल्लेख धर्म का अपमान नहीं हो सकता। यह साबित करने के लिए सबूत होने चाहिए कि इन शब्दों को अपमान के हथियार के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने यह भी माना कि कलाकारों को टारगेट करना आसान हो गया है, क्योंकि उन तक पहुंच बहुत आसान है लेकिन आपराधिक कानून का इस्तेमाल गलत तरीके से करना भी गलत है। उन्होंने आगे कहा कि शो पारिवारिक मनोरंजन कार्यक्रम के रूप में प्रसारित होता था और काफी समय से चल रहा था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों में कलाकारों और जजों का उद्देश्य हंसी पैदा करना होता है। कोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियां मामले के निस्तारण हेतु प्रासंगिक प्रतीत होती हैं। मंच पर प्रदर्शन करने वाला कलाकार प्रायः निर्धारित पटकथा (स्क्रिप्ट) के अनुरूप ही अभिनय करता है। उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट नहीं होता कि याचिकाकर्ता जजों ने उन संवादों को लिखा था। उनकी भूमिका इतनी सीमित है कि उन पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध नहीं होते। न्यायालय अभियोजन के उस व्यापक तर्क को स्वीकार नहीं कर सकता जिसमें ठोस आधार का अभाव हो। जब शिकायत में आवश्यक तथ्यों का अभाव हो और अपराध की पुष्टि न होती हो, तो ऐसी स्थिति में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

# आशुतोष गोवारिकर फेस्टिवल डायरेक्टर नियुक्त



**मुंबई** भारतीय सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अशुतोष गोवारिकर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के 57वें संस्करण का फेस्टिवल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल के तहत की गई है, जो इस प्रतिष्ठित महोत्सव के साथ गोवारिकर के लंबे जुड़ाव को और मजबूत करती है। गौरतलब है कि आशुतोष गोवारिकर का IFFI के साथ रिश्ता दशकों पुराना है, जिससे यह नियुक्ति उनके निरंतर जुड़ाव का एक स्वाभाविक विस्तार मानी जा रही है। शुरुआती वर्षों में एक प्रतिभागी के रूप में शामिल होने से लेकर हाल के संस्करणों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने तक, जिसमें 2024 में इंटरनेशनल सिनेमा के ज्यूरी प्रेसिडेंट के रूप में उनकी भूमिका भी शामिल है, उनका सफर इस फेस्टिवल के साथ गहरे संबंध को दर्शाता है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए गोवारिकर ने कहा, 'इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, गोवा के फेस्टिवल डायरेक्टर के रूप में सेवा करना मेरे लिए गर्व और खुशी की बात है। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इस फेस्टिवल के विकास को करीब से देखा है।



# दिल्ली हाईकोर्ट ने संजय कपूर की संपत्ति बेचने पर लगाई रोक, करिश्मा कपूर को मिली राहत

**संजय** कपूर की संपत्ति मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर और उनके बच्चों समायरा और कियान को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने साफ किया है कि जब तक करिश्मा कपूर के बच्चों द्वारा दायर मामले का निपटारा नहीं होता है, तब भी संजय कपूर की संपत्ति को बेचा नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा, बैंक खातों के ट्रांजैक्शन की जानकारी भी कोर्ट को देनी होगी और इसकी जिम्मेदारी प्रिया कपूर की होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि प्रिया कपूर संजीव कपूर की संपत्ति को बेच नहीं सकती। प्रिया कपूर को बच्चों द्वारा वसीयत की प्रमाणिकता पर उठाए गए शक को दूर करना चाहिए। अब प्रिया कपूर किसी भी प्रॉपर्टी को न तो बेच सकती हैं और न ही ट्रांसफर कर सकती हैं। मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस ज्योति सिंह ने कहा, 'संपत्ति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए। संपत्ति को बचाकर रखने की जरूरत है। कोर्ट ने बैंक अकाउंट्स के ऑपरेशन पर रोक लगा दी है। संजय कपूर के बैंक अकाउंट्स फ्रीज करने के आदेश भी दिए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि अगर ट्रायल स्टेज पर वसीयत जाली साबित होती है, तो यह समायरा और कियान के साथ अन्याय होगा। हाईकोर्ट ने कहा, करिश्मा कपूर और संजय कपूर की मां ने संजय की छोड़ी हुई वसीयत की वैलिडिटी और असली होने पर शक जताया है और इसलिए अब उन शकों को दूर करने की जिम्मेदारी प्रिया कपूर पर है।

कोर्ट ने कहा कि वसीयत कितनी असली है, यह अब ट्रायल का मामला है और इस बीच वसीयत करने वाले (संजय कपूर) की संपत्ति को सुरक्षित रखने की जरूरत है। कोर्ट ने प्रिया कपूर को भारतीय कंपनियों की इक्विटी या शेयरहोल्डिंग को अलग करने, ट्रांसफर करने, गिरवी रखने और बदलने से रोक लगा दी। कोर्ट ने संजय कपूर के बैंक खातों पर भी निगरानी रखने की बात कही हैं। कोर्ट ने संजय कपूर के विदेशी बैंक अकाउंट और क्रिप्टो करेंसी के ऑपरेशन पर भी रोक लगा दी है। मतलब प्रिया संपत्ति के साथ क्रिप्टो करेंसी को भी नहीं बेच पाएंगी।

# तब्बू ने दी फिल्म 'किंग 100' पर बड़ी जानकारी



### तब्बू और नागार्जुन फिर आएंगे साथ

आगामी फिल्म 'किंग 100'से तब्बू साउथ अभिनेता नागार्जुन के साथ लगभग 30 साल बाद नजर आएंगी। आखिरी बार एक्ट्रेस नागार्जुन के साथ साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में काम किया था। बीते दिनों तब्बू ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की जानकारी दी थी।

**अभिनेत्री** तब्बू जल्द नई फिल्म 'किंग 100' मे नजर आएंगी। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म के पहले शेड्यूल के खत्म होने की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। जिसमें एक्ट्रेस अपने क्रू मेंबर्स के साथ मस्ती करती दिख रही हैं।

क्रू मेंबर्स के साथ खिंचवाई सेल्फी तब्बू इन दिनों आगामी फिल्म 'किंग 100' को लेकर व्यस्त हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने कुछ फोटोज शेयर किए हैं जिनमें वह अपनी फिल्म के क्रू के साथ दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म की शूटिंग की जानकारी भी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शेड्यूल 1 का अंत'। यह इस बात का संकेत है कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

# मनीषा रानी से शादी करना चाहता है ये एक्टर

**अभिनेत्री** मनीषा रानी के लिए एक एक्टर ने अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उनका कहना है कि अगर वह रोमांटिक रिश्ते में आए तो मनीषा से शादी कर लेंगे। 'द 50' की कंटेस्टेंट मनीषा रानी अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहती हैं। इस बार वह अगल वजहों से चर्चा में हैं। मामला उनकी शादी से जुड़ा है। एक एक्टर उनसे शादी करना चाहता है। उन्होंने उनके लिए अपनी भावनाएं भी



जाहिर की हैं। यह एक्टर कोई और नहीं बल्कि उनके साथ 'द 50' में कंटेस्टेंट रहे सिद्धार्थ भारद्वाज हैं।



### सिद्धार्थ ने जाहिर की भावनाएं

हाल ही में एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपने प्यार का इजहार भी किया है। बातचीत में सिद्धार्थ भारद्वाज ने कहा 'मनीषा रानी बहुत अच्छी लड़की हैं, फिर भी वह मुझसे डरती हैं। उनके दिल में मेरे लिए प्यार है। उन्होंने मेरे लिए आंसू बहाए हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी परवाह है। वह यह भी समझती हैं कि मैं आजादी में विश्वास रखता हूं। उन्हें पहले भी प्यार में धोखा मिला है, और मुझे भी। मुझे पता है कि उनके दिल में मेरे लिए रोमांटिक भावनाएं हैं। मेरे दिल में भी उसके लिए वैसी ही भावनाएं हैं।'

# एशियाई खेल 2026 की तैयारी तेजः 1.67 करोड़ की लागत से शुरू हुए तीन राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर में जुटे शीर्ष खिलाड़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 1.67 करोड़ रुपये की लागत से संचालित तीन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भारतीय बैडमिंटन टीमों की एशियाई खेल 2026 की तैयारियों को नई दिशा दे रहे हैं। 10 अप्रैल से शुरू हुए ये शिविर हैदराबाद, बेंगलुरु और गुवाहाटी में आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें देश के शीर्ष शटलरों को एक मंच पर लाकर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

हाल ही में डेनमार्क के हॉर्सेंस में 24 अप्रैल से 3 मई के बीच आयोजित थॉमस और उबेर कप 2026 में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। इन शिविरों के जरिए लक्ष्य सेन, पदार्पण करने वाले आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत और युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी जैसे खिलाड़ियों को एक साथ अभ्यास, संयोजन सुधारने और मैच लय विकसित करने का अवसर मिला।



शिविर पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी, सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस और नेशनल सेंटर फॉर एक्सीलेंस बैडमिंटन अकादमी में आयोजित किए जा रहे हैं। हैदराबाद शिविर में 13 पुरुष और 9 महिला खिलाड़ी, बेंगलुरु में 5-5 पुरुष व महिला खिलाड़ी, जबकि गुवाहाटी में 4 पुरुष और 1 महिला खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये शिविर 30 जून तक जारी रहेंगे। मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद के मार्गदर्शन में संचालित इन शिविरों में विदेशी कोच, फिजियो, ट्रेनर और विश्लेषकों को भी शामिल किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रतिस्पर्धी माहौल मिल सके।

इन शिविरों में उबेर कप टीम की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ त्रीसा जॉली, तनिषा क्रास्टो समेत अन्य खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। अब इन शिविरों का फोकस एशियाई खेल 2026, ओलंपिक खेल 2028 और बैडमिंटन विश्व महासंघ व बैडमिंटन एशिया द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर केंद्रित है।

# आईपीएल 2026 : चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार दूसरी जीत, दिल्ली को 8 विकेट से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाए, जिसके जवाब में चेन्नई ने 156 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में महज 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

चेन्नई की जीत के हीरो रहे संजू सैमसन, जिन्होंने 52 गेंदों पर नाबाद 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। उनकी इस पारी में 7 चौके और 6



छक्के शामिल रहे। यह इस सीजन में उनका दूसरा अर्धशतक रहा। सैमसन को कार्तिक शर्मा का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 41 रन बनाकर नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसने मैच पूरी तरह चेन्नई के पक्ष में कर दिया। दिल्ली की ओर से गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रही। समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन बनाए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 रन की पारी खेली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। अन्य बल्लेबाजों में पथुम निसांका, नीतीश राणा, आशुतोष शर्मा, करुण नायर और केएल राहुल ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। चेन्नई की ओर से गेंदबाजी में नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को एक और हार का सामना करना पड़ा है।

# सहारनपुर व फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज बनकर तैयार, सत्र 2026-27 से शुरू होगी पढ़ाई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दो नए स्पोर्ट्स कॉलेजों को शुरू करने का फैसला लिया है। सहारनपुर और फतेहपुर में बने स्पोर्ट्स कॉलेज का शैक्षिक सत्र 2026-27 से संचालन शुरू हो जाएगा। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा। वर्षों से लंबित परियोजनाओं को मिली नई जिंदगी दरअसल, यह दोनों परियोजनाएं लंबे समय से लंबित थी। फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज को जनवरी 2011 में स्वीकृति मिली थी और नवंबर 2011 में निर्माण कार्य शुरू हो गया था। इसे जुलाई 2018 तक पूरा किया जाना था, लेकिन कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। इसी तरह सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य भी फरवरी 2011 में शुरू होना था और फरवरी 2013 तक पूरा कार्य पूरा करने की मूल तारीख थी, लेकिन विभिन्न कारणों से काम आगे नहीं बढ़ पाया था। योगी सरकार ने इन अधूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य को पूरा कराया है।

# युद्ध थमने की उम्मीद से लुढ़का कच्चा तेल, ब्रेंट क्रूड में मंगलवार के ऊपरी स्तर से ७ प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिका की ओर से ऑपरेशन एपिक फ्यूरी खत्म करने का ऐलान करने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड मंगलवार के ऊपरी स्तर से करीब ७ प्रतिशत फिसल कर 108 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के आसपास कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी मंगलवार के ऊपरी स्तर से लगभग 2.20 प्रतिशत तक टूट गया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने व्हाइट हाउस में रिपोर्टर्स को बताया कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी शुरू करने के 66 दिन बाद ऑपरेशन एपिक फ्यूरी खत्म हो गया है, क्योंकि अमेरिका ने इस ऑपरेशन का मकसद हासिल कर लिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने पश्चिम एशिया में एक बार फिर एक्टिव युद्ध शुरू होने की उम्मीद को काफी कम बताया। इसी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट के जरिए बताया कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाज को निकालने की अमेरिकी कोशिश रोक दी जाएगी। हालांकि इसी पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में नेवी की नाकाबंदी जारी रहेग। पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद



की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में नरमी का रुख बन गया। आज ब्रेंट क्रूड ने 2.12 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट के साथ 107.75 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। हालांकि थोड़ी देर में ही ब्रेंट उछल कर 108.83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय समय के मुताबिक सुबह ९ बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेंट क्रूड 108.01 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने 2.40 डॉलर प्रति बैरल लुढ़क कर 99.87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। थोड़ी देर में ही यह गिर कर 99.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसकी चाल में तेजी आ गई। भारतीय समय के मुताबिक सुबह नौ बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 100.39 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध पूरी तरह समाप्त हो जाता है और होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता पूरी तरह से खुल भी जाता है, तब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट आने की संभावना कम है। टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि पश्चिम एशिया में शांति होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत गिरकर 85 से 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ सकती है। हालांकि इसकी कीमत युद्ध शुरू होने के पहले के स्तर तक यानी 60 से 70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आने में समय लग सकता है। इसकी एक बड़ी वजह पश्चिम एशिया की जंग के दौरान बमबामी की वजह से हुई ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़े पैमाने पर हुई तबाही है। तारकेश्वर नाथ वैष्णव के मुताबिक जंग के दौरान इजरायल ने ईरान के ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर को जमकर निशाना बनाया। इसी तरह जवाबी हमले में ईरान ने भी अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले खाड़ी के कई देशों पर हमला कर उनके ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी नुकसान पहुंचा। इसकी वजह से खाड़ी देशों से होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति आने वाले दिनों में भी काफी हद तक बाधित रहने वाली है। एक बार ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर के पहले की तरह तैयार हो जाने के बाद ही दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति सामान्य हो सकेगी और तभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत युद्ध शुरू होने के पहले के स्तर तक आ सकेगी।

# पश्चिम मेदिनीपुर में भाजपा की जीत का जश्न, कुछ जगहों पर झड़प और तोड़फोड़

एजेंसी

**मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीत के बाद मंगलवार सुबह से देर रात तक राजनीतिक गतिविधियां और जश्न का माहौल बना रहा। विभिन्न इलाकों में नव-निर्वाचित विधायकों के स्वागत, पूजा-अर्चना, प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात और विजय उत्सव के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करने के बाद विधायक रमाप्रसाद गिरी मंगलवार सुबह बेलदा इलाके के देउली शिव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की जनता के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका आभार जताया और कहा कि यह जीत नारायणगढ़ के लोगों के भरोसे और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आश्वासन भी दिया।

इसी दिन केशियाड़ी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक भद्र हेमरम ने भी अलग अंदाज में अपनी गतिविधि जारी



रखी। शाम को वह दांतन थाने पहुंचे और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव और बेहतर प्रशासन के लिए भाजपा पर भरोसा जताया है और पार्टी आने वाले समय में जनता की उम्मीदों को पूरा करने का प्रयास करेगी। मंगलवार शाम और रात के समय जिले के कई इलाकों में जश्न का माहौल देखने को मिला। बेलदा कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने छात्रों और शिक्षकों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। वहीं नारायणगढ़ जनरल डिग्री कॉलेज के सामने एबीवीपी कार्यकताओं ने अबीर खेलकर और नारे लगाकर जीत का उत्सव मनाया।

दिन भर चली राजनीतिक गतिविधियों के बीच नारायणगढ़ में तनाव की एक घटना भी सामने आई। आरोप है कि स्थानीय तृणमूल नेता रंजीत बोस के निजी कार्यालय में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे पैसे लिए गए थे। रात को इलाके में पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उधर मेदिनीपुर शहर में भी देर शाम तक जश्न का माहौल बना रहा। यहां भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने विधायक शंकर गुच्छाइत को मिठाई खिलाकर बधाई दी और जीत की खुशी साझा की। खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकताओं ने जीत की खुशी में विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर कथा-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यकताओं ने मंदिरों में जाकर भगवान के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र की शांति और विकास की कामना की।हालांकि इस दौरान कुछ जगहों से छुटपुट घटनाओं की खबर भी सामने आई। आरोप है कि भाजपा कार्यकताओं द्वारा तृणमूल कांग्रेस के कुछ पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ और दखल देने की कोशिश की गई।

खड़गपुर की चेयरपर्सन कल्याणी घोष ने हिंदुस्थान समाचार को बताया कि देर रात वार्ड नंबर सात में एक पार्टी ऑफिस में तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार की घटना सामने आई, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह उनके वार्ड के एक अन्य पार्टी ऑफिस में भी तोड़फोड़ की गई और वहां लगे बैनर को जला दिया गया।

## मध्य प्रदेश में मौसम के दो सिस्टम एक्टिव, आज 28 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट



– कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। प्रदेश में एक साथ दो मौसमीय सिस्टम सक्रिय होने के कारण बुधवार को करीब 28 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कई इलाकों में हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में खासतौर पर शाम के समय मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर दिन के दौरान भी आंधी-बारिश हो सकती है। वहीं, दूसरी ओर कई जिलों में दिन के समय गर्मी का असर बना रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, श्योपुर, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में दिन में तेज गर्मी महसूस की जाएगी। प्रदेश में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन भी आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रहा। ग्वालियर, छतरपुर, धार, बड़वानी, डिंडौरी और बालाघाट समेत कई जिलों में सुबह से ही मौसम खराब रहा, जबकि रात में भोपाल सहित कई जगहों पर तेज हवाएं चलीं। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। भोपाल में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री, इंदौर में 37.6 डिग्री, ग्वालियर में 34.7 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री और जबलपुर में 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। खरगोन सबसे गर्म जिला रहा, जहां पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया।

## डबल इंजन सरकार से बंगाल में अटके रेल परियोजनाओं पूरे होने की उम्मीद

एजेंसी

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव में श्री सरकार बनने की तैयारी के बीच पश्चिम बंगाल में लंबे समय से अट-के कई रेल परियोजनाओं के पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है। अधिकारियों का मानना है कि राज्य में अब ह्यडबल इंजनह्ल सरकार बनने के बाद भूमि अधिग्रहण की समस्या दूर हो सकती है और परियोजनाओं को गति मिल सकती है। रेलवे के अनुसार राज्य में करीब 68 हजार करोड़ रुपये की लागत से 42 रेल परियोजनाओं की घोषणा की गई है। लेकिन इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक जमीन का केवल 27 प्रतिशत हिस्सा ही अब तक रेलवे को मिल पाया है। करीब 73 प्रतिशत जमीन का अधिग्रहण लंबे समय से अटका हुआ है, जिसकी कुल मात्रा लगभग चार हजार 662 हेक्टेयर है। सबसे प्रमुख परियोजनाओं में कोलकाता मेट्रो की ऑरेंज लाइन (कवि सुभाष से एयरपोर्ट) का निर्माण भी शामिल है। चिंग्ड़ीघाटा इलाके में करीब 377



मीटर हिस्से में पिलर नहीं लग पाने के कारण यह काम लंबे समय से रुका हुआ है। रेलवे अधिकारियों का आरोप है कि कई बार ट्रैफिक ब्लॉक लेकर काम शुरू करने की कोशिश की गई, लेकिन राज्य सरकार से अनुमति नहीं मिली। इसके अलावा तारकेश्वरझ्नबिष्णुपुर (83 किमी) रेल परियोजना का काम भी जमीन विवाद के कारण रुका हुआ है। गोघाटझ्नकामारपुकुर हिस्से में 2016 से स्थानीय आंदोलन के कारण निर्माण कार्य बंद है। वहीं देशप्राणझ्ननंदीग्राम (18.5 किमी) रेल परियोजना का काम भी 2009-10 से जमीन अधिग्रहण की समस्या में फंसा हुआ है।

## अशोकनगर में छन्नी लेकर सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

उत्तर : जिले के अशोकनगर में मंगलवार रात भाजपा कार्यकताओं ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। हाथ में चाय की छन्नी और सिर पर भगवा अबीर लगाकर कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। इस अनोखे प्रदर्शन को देखकर इलाके के लोग भी हैरान रह गए। भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कई स्थानों पर हिंसा, तोड़फोड़ और कब्जे की घटनाएं सामने आ रही हैं। उनका आरोप है कि दूसरे पार्टियों के कुछ समर्थक रातोंरात भाजपा में शामिल होकर इलाके में अशांति फैला रहे हैं और पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के विरोध में कार्यकताओं ने ह्लछन्नी विरोधह्व प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जैसे छन्नी से गंदगी या अनावश्यक चीजों को अलग किया जाता है, वैसे ही पार्टी में अचानक शामिल हुए संदिग्ध लोगों की पहचान कर उन्हें अलग करने का संदेश दिया जा रहा है। यह प्रदर्शन अशोकनगर चौरंगी मोड़ इलाके में आयोजित किया गया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने बताया कि इस मामले को लेकर विजयी विधायक की ओर से प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कराया गया है और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

## राजनांदगांव में आज बेरोजगार युवाओं के लिए लगेगा रोजगार मेला, 794 पदों पर होगी सीधी भर्ती

एजेंसी

**रायपुर :** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र (मॉडल कैरियर सेंटर), राजनांदगांव द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज बुधवार को एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 8 प्रतिष्ठित नियोक्ताओं द्वारा कुल 794 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार कार्यालय, राजनांदगांव के माध्यम से आज प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी (150 गार्ड), टैंगो सिक्योरिटी (80 गार्ड), और अन्य संस्थाओं द्वारा सुपरवाइजर व फील्ड ऑफिसर के पद पर, एसआर हॉस्पिटल दुर्ग (नर्सिंग स्टाफ - 30 पद), स्टार आदर्श




होम हेल्थ केयर (केयर टेकर - 100 पद) के पद पर, स्मार्ट मीटर टेक्निशियन (40 पद), वीडियो एडिटर, होटल मैनेजमेंट (केवल महिला - 50 पद), फायरमेन, ड्राइवर और अकाउंटेंट के पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। मेले के दिन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो अपने साथ लाने होंगे। जिला प्रशासन ने अपील की है कि योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र (मॉडल कैरियर सेंटर), राजनांदगांव से संपर्क कर सकते हैं।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता होने जा रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं, एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के थमने की उम्मीद के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। इस उत्साह के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ



जॉन्स 350 अंक की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,259.22 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार काम किया। इसके अलावा नैस्डेक 258.32 अंक यानी 1.03 प्रतिशत उछल कर 25,326.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 100.85 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की छलांग लगा कर 49,399.10 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के कारोबार के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 144.82 अंक यानी 1.42 प्रतिशत टूट कर 10,219.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 86.19 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,062.31 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 410.43 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,401.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज खरीदारी का रुख बना हुआ है। एशिया के सभी नौ बाजार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 85 अंक यानी 0.35 प्रतिशत उछल कर 24,194.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 228.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की छलांग लगा कर 59,513.12 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

कोस्पी इंडेक्स में आज जबरदस्त तेजी का रुख बना हुआ है। फिलहाल यह सूचकांक 466.58 अंक यानी 6.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,403.57 अंक के स्तर पर आ गया है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,164.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। सेट कंपोजिट इंडेक्स ने भी बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1.26 प्रतिशत उछल कर 1,508.82 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 321.42 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की छलांग लगा कर 41,090.71 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 191.39 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,090 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,106.15 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,924.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गुजरात बोर्ड कक्षा 10 का परिणाम घोषित, 83.86 फीसदी छात्र उत्तीर्ण



**अहमदाबाद :** गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (GSEB) द्वारा आज सुबह 8 बजे कक्षा 10 (एसएससी) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष एसएससी का कुल परिणाम 83.86% रहा है। इससे पहले 4 मई को कक्षा 12 साइंस और जनरल स्ट्रीम के परिणाम जारी किए गए थे। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.gseb.com पर जाकर केवल 4 आसान स्टेप्स में अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इसके अलावा छात्र-छात्राएं 6357300971 नंबर पर अपना सीट नंबर व्हाट्सएप करके सीधे मोबाइल पर मार्कशीट प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि फरवरी-मार्च 2026 में आयोजित गुजरात बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं में राज्यभर से कुल 15.27 लाख विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें केवल कक्षा 10 में ही 9.07 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। वहीं कक्षा 12 साइंस में 1.19 लाख और जनरल स्ट्रीम में 5.01 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा 10 ररउ परीक्षा में कुल 1,83,674 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 1,22,065 नियमित विद्यार्थी, 44,806 रिपीटर विद्यार्थी और 16,763 GSOS (प्राइवेट) विद्यार्थी शामिल हैं। शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए जून महीने में पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को 'Best of Two' योजना के तहत दोबारा परीक्षा देकर अपने परिणाम में सुधार करने का अवसर भी मिलेगा।

### भवानीपुर जाएंगे शिशिर अधिकारी, करेंगे जनता की सेवा

**पूर्व मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद वरिष्ठ नेता शिशिर अधिकारी ने कहा है कि उनके बेटे शुभेंदु अधिकारी की भवानीपुर में जीत के बाद वह स्वयं वहां जाकर पार्टी कार्यालय के उद्घाटन में शामिल होंगे और क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए काम करेंगे। 88 वर्षीय शिशिर अधिकारी ने कहा कि जिस क्षेत्र से कोई जनप्रतिनिधि जीतकर आता है, वहां के लोगों की सेवा करना उसका कर्तव्य होता है। उन्होंने बताया कि भवानीपुर में लोगों की समस्याएं सुनने और उनकी मदद के लिए जल्द ही पार्टी कार्यालय खोला जाएगा। पूर्व सांसद शिशिर अधिकारी ने कहा कि वह जल्द ही भवानीपुर जाएंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी उम्र अब 88 वर्ष हो चुकी है, इसलिए वह चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधि नहीं बन सकते, लेकिन जनता की सेवा के लिए सक्रिय रहेंगे। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कद्दावर नेता शिशिर अधिकारी लंबे समय तक कांथी नगरपालिका के चेयरमैन रहे हैं। वह 2009 से 2024 तक कांथि लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी रहे और केंद्र में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है। उनके अनुसार लोगों से दूरी और प्रशासन के सहारे राजनीति करने की कोशिश का परिणाम चुनाव में दिखाई दिया।

### नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा अगले हफ्ते से, भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए बुकिंग शुरू

**काठमांडू :** नेपाल के रास्ते भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का सीजन शुरू हो गया है। आगामी सप्ताह से यात्रा शुरू करने के लिए व्यवसायी तेजी से बुकिंग ले रहे हैं। व्यवसायियों के अनुसार अब तक लगभग 5,000 भारतीय श्रद्धालुओं ने तीर्थयात्रा के लिए ट्रैवल बुकिंग करा ली है। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल के रसुवा के केरुंग नाका और हुम्ला के हिल्सा नाका से होकर तीर्थयात्री सड़क मार्ग से जाते हैं। सिन्धुपाल्चोक का तातोपानी नाका फिलहाल बंद है, जबकि कुछ तीर्थयात्री ल्हासा के रास्ते हवाई मार्ग से भी मानसरोवर पहुंचते हैं। हाल ही में भारत और चीन के बीच लिपुलेक दर्रा के जरिए यात्रा खोलने पर सहमति बनी है। हालांकि मौसम, भौगोलिक स्थिति, दूरी और लागत के हिसाब से अधिकतर यात्रियों का आकर्षण हिल्सा नाका की ओर देखा गया है। इस वर्ष भारतीय तीर्थयात्री 35 टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बुकिंग कर रहे हैं। व्यवसायियों के अनुसार हिल्सा मार्ग से जाने वाले तीर्थयात्री भारत के लखनऊ से होकर नेपालगंज पहुंचते हैं और फिर हुम्ला जाते हैं।

### मुख्यमंत्री साय आज मंत्रालय में करेंगे महत्वपूर्ण बैठक

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बुधवार को मंत्रालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक दोपहर 12 बजे से होगी । बैठक में प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों की प्रगति और विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जा सकते हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ,सीएम हाउस के लिए रवाना होंगे।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव बाद हिंसा पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता :** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद हो रही हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में मंगलवार को मधु मंडल नाम के भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों से हिंसा और तोड़फोड़ की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसको देखते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस के पुलिस आयुक्त तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य पुलिस अधिकारियों को लगातार गश्त करने और स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है। चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि चुनाव बाद होने वाली किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## बंगाल में भाजपा की जीत ऐतिहासिक : अमित



**रांची :** बंगाल चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा कार्यकर्ता अमित कुमार डब्बू ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह को को बधाई दी एवं चुनाव आयोग की काफी सराहना की उनकी वजह से ही चुनाव साफ सुथरी हो सकी, साथ झारखंड सरकार से मांग की है कि बंगाल बॉर्डर पर निगरानी बढ़ायी जाय ताकि वहां बसे बांग्लादेशी झारखंड में प्रवेश नहीं कर सके।

## हृदयानंद मिश्र को प्रदेश कांग्रेस में मिला महत्वपूर्ण जगह



**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की समन्वय समिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश भर के नेताओं एवं कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है।
इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं रमा खलखो ने दूरभाष के माध्यम से श्री मिश्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।वहीं कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह, धनंजय सिंह, गिरिवर पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन प्रसाद सिंह, रामनरेश तिवारी, शमीम अहमद राइन, गिरिजा राम, दया शंकर तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, गोपाल सिंह, सुनीता श्रीवास्तव एवं रविन्द्र कुमार वैद्य सहित कई कार्यकताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सबों ने विश्वास व्यक्त किया कि हृदयानंद मिश्र के अनुभव एवं नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

## कॉग्निटो एबाकस का नया केंद्र जमशेदपुर में प्रारंभ




**जमशेदपुर :** झारखंड शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कॉग्निटो एबाकस ने धातकीडीह, जमशेदपुर में अपने नए केंद्र का शुभारंभ किया है। इस नए केंद्र का संचालन फ्रेंचाइज पार्टनर श्री मोहम्मद सरफराज अहमद द्वारा किया जाएगा, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं।
कॉग्निटो एबाकस का उद्देश्य बच्चों में तेज गणना कौशल, बेहतर स्मरण शक्ति तथा आत्मविश्वास का विकास करना है। यह केंद्र बच्चों को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेगा, जहाँ वे खेल-खेल में सीखते हुए अपनी बौद्धिक क्षमताओं को निखार सकेंगे। इस अवसर पर कॉग्निटो एबाकस, झारखंड की निदेशक र४१३ फ्ङ्क८ ने कहा, ह्हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि हम जमशेदपुर के धातकीडीह क्षेत्र में अपना नया केंद्र प्रारंभ कर रहे हैं। हमारा विश्वास है कि हर बच्चे में असीम संभावनाएँ होती हैं, और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे अपने जीवन में अद्भुत ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं। हमारा यह प्रयास बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने और उनके भविष्य को उज्ज्वल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कॉग्निटो एबाकस सभी अभिभावकों को आमंत्रित करता है कि वे अपने बच्चों को इस अनूठी शिक्षण यात्रा का हिस्सा बनाएं।

## मत्स्य निदेशालय का एक्वाकल्चर बीमा योजना जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची :** मत्स्य संपदा का बीमा कराएं और आर्थिक सुरक्षा पाएं। उक्त बातें झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग के अंतर्गत मत्स्य निदेशालय द्वारा मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र शालीमार धुर्वा में आयोजित एक्वाकल्चर बीमा योजना जागरुकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।
श्री कुमार झारखंड के विभिन्न जिलों से आए मत्स्य कृषकों को संबंधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना व एनएफडीबी पंजीकरण एवं जलीय कृषि बीमा जागरूकता की जानकारी मत्स्य कृषकों को होना आवश्यक है। उन्होंने मत्स्य कृषकों को बताया कि बीमा एक सशक्त आर्थिक कवच है। मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन में नुकसान नहीं हो, इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मत्स्य संपदा के बीमा योजना लागू की गई है। उन्होंने इसका लाभ उठाने की मत्स्य पालकों से अपील की। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्स्य निदेशालय के उप निदेशक मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि बीमा संबंधी जानकारी मत्स्य कृषकों को होना आवश्यक है, तभी किसान इससे लाभान्वित हो सकते हैं। इस अवसर पर उप निदेशक मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक संजय गुप्ता, सेवानिवृत्त संयुक्त मत्स्य निदेशक मनोज कुमार ने भी मत्स्य कृषकों को बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की। सेवा निवृत्त संयुक्त मत्स्य निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि बीमा पॉलिसी से मत्स्य कृषकों को जुड़ने से उनकी आर्थिक सुरक्षा बरकरार रहेगी। मत्स्य पालकों को बीमा योजना में निवेश का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने की दिशा में मत्स्य निदेशालय का प्रयास सराहनीय है। बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन की भी सहभागिता जरूरी है। इस दिशा में भी मत्स्य निदेशालय को प्रयास करने की जरूरत है। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न जिलों के मत्स्य कृषकों को बीमा संबंधी जिज्ञासा दूर की गई। कार्यक्रम में मत्स्य कृषकों ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में सभी जिलों के मत्स्य पदाधिकारी सहित काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

## मानगो नगर निगम ने हाईमास्ट लाइटों के रख-रखाव के लिए ई-टेंडर जारी किया

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम ने क्षेत्र की हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए अल्पकालीन ई-निविदा जारी की है। यह कार्य दो समूहों में कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत प्रत्येक 24.98 लाख रुपये है। कार्य की अवधि 365 दिन तय की गई है। ई-निविदा बुधवार शाम 5 बजे से वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इच्छुक संवेदक 22 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। निविदा 23 मई को खोली जाएगी। प्रत्येक निविदा पर 2 प्रतिशत अग्रधन व 5000 रुपये का परिमाण विपत्र लागू होगा। सभी भुगतान ऑनलाइन होंगे। नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# उपायुक्त ने की उद्योग विभाग के योजनाओं की समीक्षा

### लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश




**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में उद्योग विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं–प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (ढटत्रृए) एवं पीएम विश्वकर्मा योजना–की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, पलामू द्वारा उपरोक्त सभी योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन से संबंधित संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा योजनावार समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप भुगतान नहीं होने पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित बैंकिंग संस्थानों को प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुल 84 आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लंबित हैं, जबकि स्वीकृत एवं भुगतान की संख्या मात्र 29 है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए सभी बैंक प्रबंधकों एवं समन्वयकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन 15 कार्य दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया जाता है, उन्हें विधिवत कारणों के साथ ही अस्वीकृत किया जाए, ताकि लाभुकों को पारदर्शी एवं स्पष्ट जानकारी मिल सके।
बैठक में उपायुक्त, पलामू द्वारा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिया गया कि वे सभी बैंकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों के स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाएं। साथ ही, 15 दिनों के पश्चात सभी बैंकों की पुनः समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन एवं बैंकिंग तंत्र की साझा जिम्मेदारी है, जिससे अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके और जिले में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिले।
बैठक में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर आगमन पर मनोज सिंह का हुआ स्वागत



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश में दूसरी बार महामंत्री नियुक्त होने तथा पश्चिम बंगाल चुनाव में सात विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के रूप में सभी सीटों पर ऐतिहासिक विजय दिलाने के उपलक्ष्य में मेदिनीनगर आगमन पर श्री मनोज सिंह का उनके आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर के सांसद प्रतिनिधि श्री अविनाश सिन्हा छोटू ने कार्यकर्ताओं के साथ अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर उनका अभिनंदन किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अविनाश सिन्हा छोटू ने कहा कि मनोज सिंह हम सभी कार्यकताओं के लिए बड़े भाई के समान हैं, जो हर सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जब भी उन्हें किसी भी प्रदेश में संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपती है, वे पूरी निष्ठा, मजबूती और परिश्रम के साथ उसे निभाते हैं। बूथ स्तर तक कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।
उन्होंने आगे कहा कि मनोज सिंह के नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता का ही परिणाम है कि पश्चिम बंगाल में सातों विधानसभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि कार्यकताओं के सामूहिक समर्पण का भी परिचायक है।
श्री अविनाश सिन्हा छोटू ने मनोज सिंह को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी नेतृत्व भविष्य में उन्हें और भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपेगा। उन्होंने कहा कि यह हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व और उत्साह का विषय होगा।

## रोलिंग स्टोन अकादमी में समर कैंप की शुरूआत



**संवाददाता**

**चक्रधरपुर:** रोलिंग स्टोन अकादमी में समर कैंप का शुभारंभ उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ किया गया। कैंप की शुरूआत बच्चों के बीच स्वस्थ जीवनशैली एवं मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु योग अभ्यास से हुई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योग में भाग लिया और इसके महत्व को समझा।
इसके पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे आकर्षक प्लांटर्स में पौधे लगाए। बच्चों को यह गतिविधि बेहद पसंद आई और उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश भी सीखा।
विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीएलएसए सचिव ने किया बाल गृहों का निरीक्षण



**संवाददाता**

**चाईबासा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पश्चिमी सिंहभूम मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने बाल गृहों और संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने छाया बालिका गृह, आशा किरण, प्रेरणा विद्यालय, बाल कुंज और संप्रेषण गृह के बच्चों से मुलाकात की और उनके रहन-सहन, खान पान की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया, उन्होंने बच्चों से बात कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया और उसका समाधान करने का आश्वासन भी दिया, उन्होंने सभी
बाल गृह के कर्मियों को निर्देशित किया कि बच्चों के सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाए और. किसी भी तरह की कोई परेशानी होने पर उनसे संपर्क किया जा सकता है, बच्चों ने उन्हें अपने बीच में पाकर खुशी जाहिर की और स्वागत गान आदि प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया. उन्होंने बाल कुंज परिसर में पौधारोपण भी किया, इस दौरान उनके साथ अधिकार मित्र विकास दोदराजका, अरुण विश्वकर्मा जया रवि , डीएलएसए के सहायक अमित कुमार , अरुण तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थिति थे।

## समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया जनता दरबार का आयोजन



**ज्योति पाठक**

समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए।
जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई कर निष्पादन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
जनता दरबार के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान भी किया गया, जबकि जटिल मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।
उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को प्रशासन के समक्ष निर्भीक होकर रखें ताकि उनका समुचित निराकरण किया जा सके।
जनता दरबार में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

## डॉ बिमरजीत से मारपीट करने वाले पांच आरोपित पकड़े गए

**जमशेदपुर :** डॉ बिमरजीत प्रधान से मंगलवार को साकची स्थित उनके क्लीनिक में मारपीट करने वाले लोगों में से पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। डॉ बिमरजीत प्रधान ने बताया कि काशीडीह के एक मरीज का उन्होंने 24 अप्रैल को टॉन्सिल का ऑपरेशन किया था। इसके बाद कुछ कॉम्प्लिकेशन के कारण खून का रिसाव होने लगा। जिसे उन्होंने फिर से भर्ती कर उसका इलाज किया और बाद में टीएमेच रेफर कर दिया लेकिन उसके परिजनों ने 5 मई को उनके क्लीनिक में घुसकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में उन्होंने थाना में एफआईआर दर्ज किया था। उसके बाद पुलिस ने कुल पांच लोगों को अभी तक पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि 1000 ऑपरेशन में से एक मामले में इस तरह के कॉम्प्लिकेशन हो सकते हैं। वहीं वह भी भगवान नहीं हैं। वह पहले इंसान हैं फिर डॉक्टर हैं। इस तरह के मामलों में बातचीत से मामले को हल किया जा सकता है न कि मारपीट करने से।

## जेएससीए ए-डिवीजन टी20 लीग में रूरल ब्लू की शानदार जीत

**जमशेदपुर :** कीनन ग्राउंड पर खेले गए जेएससीए ए-डिवीजन टी20 लीग मैच में रूरल ब्लू ने यंग बॉयज को 5 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यंग बॉयज ने अर्णव सिन्हा (67) और हसन रजा (33) की पारियों के दम पर 20 ओवर में 7 विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में रूरल ब्लू ने सूर्यकांत शॉ (46) और निशिकांत कुमार (44) की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# चाईबासा ब्लड बैंक के लाइसेंस नवीनीकरण और तकनीशियन बहाली की मांग तेज

**संवाददाता**

**रांची/चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर एक बार फिर चिंता सामने आई है। चाईबासा ब्लड बैंक के लाइसेंस नवीनीकरण तथा आवश्यक तकनीशियनों की पदस्थापन/बहाली को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गुरमुख सिंह खोखर ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



अपने पत्र में गुरमुख सिंह खोखर ने उल्लेख किया है कि जिले के लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक का लाइसेंस समय पर नवीनीकृत नहीं होने और तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण मरीजों की जान पर बन आती है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि संबंधित विभाग इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करे।
पत्र में यह भी बताया गया है कि चाईबासा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सीमित हैं। ऐसे में ब्लड बैंक की सुचारु व्यवस्था न होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दुर्घटनाओं, प्रसव मामलों तथा गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण होती है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यह सुविधा प्रभावित हो रही है।
गुरमुख सिंह खोखर ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग तथा झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्यूरमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से आग्रह किया है कि वे शीघ्र हस्तक्षेप कर ब्लड बैंक के लाइसेंस का नवीनीकरण कराएं और आवश्यक तकनीशियनों की बहाली सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने आशा जताई कि सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित निर्णय लेगी और पश्चिमी सिंहभूम के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।